www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
24 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 153

माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:01 शाम सोमवार
सेहरी 4:33 सुबह मंगलवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# पलामू में वनकर्मियों की टीम पर जानलेवा हमला, पांच घायल

- अवैध पत्थर जब्त करने गयी थी वन विभाग की टीम
- छतरपुर में खनन माफियाओं ने बनाया बंधक और मारपीट की
- लाठी-डंडा, पत्थर से वार कर पत्थर लदे दो ट्रैक्टर छुड़ा कर ले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना अंतर्गत बसडीहा जंगल में शनिवार की देर रात 11 बजे के करीब अवैध पत्थर जब्त करने गये वनरक्षियों पर जानलेवा हमला किया गया। इसमें पांच वनरक्षी जख्मी हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए रात में ही मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। खनन और क्रशर माफियाओं के इशारे पर ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को घेर लिया और लाठी- डंडा, पत्थर से वार कर अवैध पत्थर लदे दो ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गये।

**क्या है पूरा मामला :** वन विभाग को जानकारी मिली थी कि बांसडीहा जंगल में अवैध पत्थर तोड़ कर ट्रांसपोर्टिंग के लिए रखा गया है। इसका उठाव रात में ट्रैक्टर से किया जाता है। इस सूचना पर शनिवार की दोपहर वन विभाग की टीम ने जंगल का मुआयना किया था, जिसमें पत्थर तोड़े जाने की बात सही साबित हुई थी।



## चोर-चोर का शोर मचा कर किया हमला

इसके बाद स्थानीय ग्रामीण, जिनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे, वहां जुट गये। उन्होंने साजिश के तहत चोर-चोर हल्ला करते हुए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटा ली। देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गयी और वनरक्षियों पर हमला कर दिया। मौका देखकर ट्रैक्टर चालक पत्थर लदा ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। जख्मी वनरक्षी आशुतोष तिवारी ने बताया कि जान बचाने के लिए वे लोग भागने लगे।

### पुलिस पहुंची तो भाग गये हमलावर

घटना की सूचना एसडीओ और एसडीपीओ को दी गयी। रात में अधिकारी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। तब तक ग्रामीण जंगल से भाग चुके थे। घटना में वनरक्षी आशुतोष तिवारी का पैर टूट गया है। सरसिज उरांव, लक्ष्मीकांत, राकेश रौशन और पंकज कुमार के सिर और पैर में चोट लगी है। अधिकारी इन्हें उठा कर अस्पताल ले गये।

### गांव वालों ने वन रक्षकों पर क्यों किया हमला

शनिवार देर रात घटनास्थल पर पहुंची टीम को दो ट्रैक्टर दिखे। ये ट्रक पत्थर से लदे हुए थे। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने दोनों ट्रैक्टरों को सील कर दिया। इसके बाद गांव वाले इकट्ठा होना शुरू हो गये। इसमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल थे। गुस्साये ग्रामीणों ने वन सुरक्षा कर्मियों पर हमला कर दिया।

### नक्सल प्रभावित है यह इलाका

जिस इलाके में घटना हुई, वह नक्सल प्रभावित और दुर्गम माना जाता है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान पुलिस को अपने साथ नहीं लिया था। जिस इलाके में टीम को बंधक बनाया गया था, वहां पहुंचने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### क्या कहा अधिकारियों ने

छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि इलाके में अवैध खनन को लेकर पहले भी घटनाएं हो चुकी हैं। करीब एक महीने पहले प्रशिक्षु आइएफएस अधिकारी की गाड़ी भी इसी इलाके में रोकी गयी थी। वहीं पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वन विभाग ने कार्रवाई के दौरान पुलिस को जानकारी नहीं दी थी। हमला करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

अधिकारियों ने रात में कार्रवाई की योजना बनायी थी। रात 11 बजे 16 की संख्या में वनरक्षी जंगल में पहुंचे, तो उस वक्त दो ट्रैक्टर पत्थर लेकर जाते हुए मिला। छापेमारी टीम ने ट्रैक्टर को रोक दिया।



47 गेंद में 107 रन
6 छक्के | 11 चौके

# इशान किशन के तूफान में उड़ा राजस्थान रॉयल्स

**हैदराबाद (आजाद सिपाही)।** आइपीएल के 18वें सीजन के दूसरे मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। उसने राजस्थान रॉयल्स की टीम को बुरी तरह हराया। हैदराबाद की तरफ से इशान किशन इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे। पहले बैटिंग करने के दौरान उन्होंने महज 47 गेंद में 225 के स्ट्राइक रेट 107 रन ठोक दिये। इस दौरान उन्होंने छह छक्के और 11 चौके लगाये। उनकी इस तूफानी पारी की बदौलत हैदराबाद की टीम ने 287 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 242 रन बना सकी। इस तरह हैदराबाद ने इस मैच को 44 रनों के अंतर से जीत लिया। संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने विस्फोटक पारी खेलकर मैच को अपनी तरफ खींचना चाहा, लेकिन इस काम में वे सफल नहीं हो सके।

(विस्तृत खबर पेज 10 पर)

# नागपुर से हटाया गया कर्फ्यू

संवेदनशील इलाकों में गश्त जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था। हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किये गये विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली चादर जला दी गयी। इससे पहले 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर तीन बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

## न्यूज रील्स

### महिला ने की आत्महत्या नाइजीरिया युवक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। कटक में महिला को ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने वाले नाइजीरिया के नागरिक को कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक को दिल्ली के उत्तमनगर से गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी नाइजीरियाइ युवक ने खुद को डॉक्टर बता कर कटक की एक महिला से संबंध बनाया था। उसने महिला से उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये हड़प लिये। बाद में जब महिला ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये, जिससे महिला ने शर्म के मारे आत्महत्या कर ली। इस संबंध में परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने घटना की जांच की और आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, विदेशी सिम आदि बरामद किये गये हैं। पुलिस को संदेह है कि आरोपी कई महिलाओं के साथ रिश्ते में शामिल था और उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलता था। कटक डीसीपी ने मीडिया को बताया कि आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। आरोपी ने कई लोगों से परिचय कराकर लोगों को ठगा है। बताया गया है कि उसके खाते में न्यूजीलैंड से भी पैसे आये थे।

# झारखंड में पुलिस, कक्षपाल, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड की सीधी बहाली का रास्ता खुला

नियमावली को मिली मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पुलिस, कक्षपाल, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड के पदों पर सीधी नियुक्ति का रास्ता खुल गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नयी भर्ती नियमावली 2025 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय के बाद गृह विभाग ने संबंधित गजट भी जारी कर दिया है। इसके तहत राज्य में विभिन्न पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 12 मार्च को हुई बैठक में कैबिनेट ने नयी नियमावली को स्वीकृति दी थी और इसे राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था।



जानकारी के अनुसार नयी नियमावली के तहत पुलिस (जिला/इकाई), पुलिस (झारखंड सशस्त्र पुलिस), पुलिस (राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल), कक्षपाल, सिपाही (गृह रक्षा वाहिनी) और उत्पाद सिपाही के पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की अनुशंसा पर की जायेगी। इसमें सभी पदों पर 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। गृह रक्षा वाहिनी और होमगार्ड के लिए संपूर्ण रिक्ति के 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। नयी नियमावली के मुताबिक अनुबंध पर कार्यरत सहायक पुलिस के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। इन पदों पर बहाली के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष होगी। नयी नियमावली में शारीरिक मापदंड भी तय किये गये हैं। इसके अनुसार सामान्य/बीसी/इडब्ल्यूएस के लिए ऊंचाई 160 सेंटीमीटर और सीना 81 सेंटीमीटर होना चाहिए, जबकि एससी/एसटी के लिए ऊंचाई 155 सेंटीमीटर और सीना 79 सेंटीमीटर होना चाहिए। महिलाओं के लिए ऊंचाई 148 सेंटीमीटर और सीना पर कोई नियम नहीं होगा। नयी नियमावली के अनुसार पुरुषों को 1600 मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी, जबकि महिलाओं को यह दौड़ 10 मिनट में पूरी करनी होगी। नयी नियमावली में कहा गया है कि रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय से स्नातक या डिप्लोमा धारक उम्मीदवारों को पुलिस पदों पर नियुक्ति में 4 से 10 अंक तक वेटेज मिलेगा।

## चाइबासा में शहीद एसआइ को राज्यपाल और सीएम ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

# सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने रविवार को सीआरपीएफ के शहीद एसआइ को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि सुनील कुमार मंडल का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।

सीएम ने हेमंत सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

सीएम ने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, सीआरपीएफ के आइजी साकेत सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 22 मार्च को चाइबासा में नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल शहीद हो गये थे। जवान का पार्थिव शरीर धुर्वा स्थित 133 वीं सीआरपीएफ बटालियन में रखा गया था। जहां रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।



### लद्दाख में सिमडेगा का जवान शहीद सीएम और बाबूलाल ने जताया शोक


रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में एक सड़क हादसे में सेना के दो जवान शहीद हो गये। इसमें सिमडेगा के हवलदार किशोर बाड़ा और एक अन्य शहीद हो गये हैं। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, लद्दाख में सेना की गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से सिमडेगा से जवान किशोर बाड़ा एवं एक और अन्य जवान के शहीद होने का दुखद समाचार मिला है। मरांग बुरु शहीदों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, सिमडेगा जिला के नानेसेरा गांव निवासी हवलदार किशोर बाड़ा के शहीद होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

# आरएसएस को धार्मिक आरक्षण मंजूर नहीं

## दत्तात्रेय होसबोले ने कहा : आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धार्मिक आधार पर आरक्षण को स्वीकार करने से मना कर दिया है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को यहां मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, औरंगजेब जैसे आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते। हमलावर सोच देश के लिए खतरा है। इस पर चिंतन की जरूरत है। होसबाले ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया है। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में आरक्षण को लेकर बिल पास किया है। होसबोले और संघ के अन्य नेता 21 मार्च से यहां चल रही संघ की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में शामिल होने आये हैं। बैठक का रविवार को आखिरी दिन था। होसबोले ने इस बात से साफ इनकार किया कि सरकार में किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए कभी संघ की ओर से दबाव डाला गया। उन्होंने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष कोई उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, स्वीकृति और समाज को संगठित करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने 2025-2026 के लिए संघ के कार्यक्रमों की भी घोषणा की।



सहकार्यवाह ने कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्ष भी स्वतंत्रता संग्राम था। अगर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई को स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है, तो उससे पहले के आक्रमणकारियों के खिलाफ संघर्ष भी स्वतंत्रता संग्राम था। यह धर्म का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह तय करने की बात है कि भारत की परंपराओं और मूल्यों के अनुरूप कौन है। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर प्रतिक्रिया देते हुए होसबाले ने कहा कि सरकार ने वक्फ मामलों की जांच के लिए एक आयोग बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक जो हुआ, वह सही दिशा में हुआ है। आगे जो होगा, उसे देखना होगा।

### मोहन भागवत से मिले जेपी नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया के बीच रविवार को जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। यह बैठक बेंगलुरु में हुई है। मुलाकात में नड्डा ने पार्टी संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की। नड्डा 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाये गये थे। उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था। इसके बाद उन्हें एक्सटेंशन दिया गया। लोकसभा चुनाव में पार्टी की लगातार तीसरी जीत के बाद नड्डा केंद्र सरकार में मंत्री बनाये गये। 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धांत के मुताबिक उनकी जगह अब नया अध्यक्ष चुना जाना है। पार्टी के संविधान के मुताबिक 50 प्रतिशत राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पूरा हो जाने के बाद नये अध्यक्ष का चुनाव होता है। अभी 36 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में से 13 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने गये हैं।

# हेमंत सरकार की बड़ी पहल हर जिले में खुलेगी लाइब्रेरी

- स्कूली बच्चों को किताबों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा
- पढ़ने के लिए जगह और डिजिटल सामग्री भी मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के स्कूली बच्चों के लिए बड़ा फैसला किया है। इसके तहत झारखंड के हर जिले में सरकार एक-एक लाइब्रेरी शुरू करेगी, जिसमें स्कूली बच्चों के लिए किताबें उपलब्ध होंगी। यह योजना कोलकाता और दिल्ली में चल रही लाइब्रेरी की तर्ज पर तैयार की गयी है। झारखंड सरकार ने कोलकाता और दिल्ली की लाइब्रेरी का अध्ययन करवाया है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की टीम ने दोनों राज्यों की लाइब्रेरी का भ्रमण कर उसके संचालन के तौर-तरीके को जाना है। इसके बाद योजना का खाका तैयार किया गया है। इसके तहत झारखंड के सभी 24 जिलों में एक-एक लाइब्रेरी खुलेगी। इसमें से प्रत्येक में पांच सौ विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। यहां विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था होगी। लाइब्रेरी में जाकर पढ़ने के लिए समय निर्धारित किया जायेगा। लाइब्रेरी में प्रवेश के लिए पास भी आवंटित किये जा सकेंगे। समाचार पत्र, पत्रिका से लेकर किताबें यहां पढ़ने के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए लाइब्रेरी का सदस्य बनना होगा और एक मामूली राशि इसके लिए निर्धारित की जायेगी। इसमें वार्षिक शुल्क लगेगा। लाइब्रेरी के बनने से जिलों में संस्थानों के अलावा छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए एक निश्चित स्थान मिल सकेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 81,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 102,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे सप्ताह की समीक्षा

# मंत्री सुदिव्य और प्रदीप रहे लाइम लाइट में, इरफान-योगेंद्र निशाने पर

## ■ दो मंत्रियों के भिड़ने और एक अन्य का मोबाइल जब्त किये जाने की घटना भी हुई

## ■ महिला विधायकों में कल्पना सोरेन, पूर्णिमा साहू का प्रदर्शन बेहतर रहा


राकेश सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का तीसरा सप्ताह भी गुजर गया। इस सप्ताह हालांकि अधिकतर विधायी कामकाज ही निबटाये गये, लेकिन फिर भी जनहित के मुद्दे भी खूब उठे। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर सवाल उठाये और सरकार से जवाब भी मिले। इस सप्ताह विपक्ष ने भी अच्छी भूमिका निभाई। हंगामा और सदन का बहिष्कार करने की जगह मुद्दों पर सरकार को घेरा। इन सब रूटीन कामकाज के अलावा झारखंड विधानसभा में इस सप्ताह कुछ ऐसी घटनाएं भी हुईं, जो पहले कभी नहीं हुई थीं।

सबसे पहले बात विधायकों की। पूरे सप्ताह विधायकों ने अपने-अपने इलाकों के मुद्दों को सवालों के जरिये सदन में उठाया। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक शामिल रहे। यह महसूस भी किया गया कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर बाबूलाल मरांडी के चुनाव के बाद विपक्षी खेमा थोड़ा ज्यादा सक्रिय हुआ है। खुद बाबूलाल मरांडी और सीपी सिंह के साथ नवीन जायसवाल, डॉ नीरा यादव, सत्येंद्र तिवारी, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, नये विधायकों में पूर्णिमा साहू आदि ने सवाल उठाया और जहां तक संभव हुआ सरकार को घेरने का भी प्रयास किया। जरूरत के अनुसार हंगामा किया, लेकिन कामकाज को ज्यादा बाधित नहीं किया। सदन का बहिष्कार करने की जगह, सदन में रह कर सरकार को घेरने का प्रयास ज्यादा रहा। हालांकि विपक्षी खेमे की आक्रामकता में कमी साफ दिखी। जाहिर है यह कम संख्या बल के कारण हो रहा।

### घोड़थंबा की घटना को मुद्दा नहीं बना सका विपक्ष

सप्ताह की शुरूआत में सदन में विपक्ष ने होली के दौरान गिरिडीह के घोड़थंबा में हुई सांप्रदायिक घटना को उठाया और सरकार को घेरने की कोशिश की। लेकिन भाजपा के मनोनुकूल मुद्दा होने के बावजूद पार्टी के विधायक इसे अधिक कारगर नहीं बना सके और सरकार को घेरने की उनकी कोशिश विफल हो गयी। पिछली विधानसभा में जिस तरह बरही और लोहरदगा में सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर सरकार को घेरा गया था, इस बार वह धार पूरी तरह गायब थी।



### सुदिव्य सोनू बने सरकार के कवच

पूरे सप्ताह विधानसभा में सरकार की तरफ से मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कमान संभाल रखी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बीमार पड़ने के बाद उन पर बड़ी जिम्मेदारी डाल दी गयी थी। इसका उन्होंने बखूबी निर्वाह किया और इस क्रम में कई बार विधायकों के निशाने पर भी आये। लेकिन उन्होंने बेहद जिम्मेदारी और सूझ-बूझ से तमाम सवालों के जवाब भी दिये और सरकार का कवच बने रहे।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी रहे चर्चा में

सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी इस सप्ताह चर्चा के केंद्र में रहे। खास कर स्वर्णरेखा परियोजना में फर्जी निकासी के मुद्दे पर अपने जवाब को लेकर, जिसमें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर उनके खेवनहार बने और पांच अधिकारियों के निलंबन की जानकारी देकर मुद्दे को सुलझाया। इसके अलावा विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के कई विधायकों ने उन्हें अपने सवालों में उलझाया और योगेंद्र प्रसाद कई बार घिरते भी दिखे।

### डॉ इरफान अंसारी ने भी ध्यान खींचा

एक पुरानी कहावत है कि बदनाम होंगे, तो क्या नाम नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी पर यह कहावत पूरी तरह फिट बैठती है। पिछले सप्ताह सदन में उन्होंने कई बार अपने वक्तव्यों से और आचरण से विवाद खड़ा किया। सदन में वह मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से भिड़ गये, तो मंत्री योगेंद्र प्रसाद को भी कुछ अप्रिय कह दिया। इतना ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष से लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के वरिष्ठ विधायकों को भी उन्होंने खूब सुनाया। ऐसा कर स्वास्थ्य मंत्री चर्चा में तो रहे, लेकिन यह नकारात्मक चर्चा रही। चाहे हेमलाल मुर्मू हों या फिर सीपी सिंह, इरफान अंसारी सभी के निशाने पर रहे।

### प्रदीप यादव ने निभायी विपक्ष की भूमिका

विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे सप्ताह में यदि किसी एक विधायक ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, तो वह रहे कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव। सत्ता पक्ष का होने के बावजूद उन्होंने कई ऐसे मुद्दे उठाये, जो आम तौर पर विपक्ष उठाता है और सरकार को घेरता है। प्रदीप यादव ने कई बार अपनी बातों से न केवल मंत्रियों को घेरा, बल्कि सिस्टम को भी कटघरे में खड़ा किया।

### चंपाई सोरेन की चुप्पी

विपक्ष की तरफ से जिस एक विधायक का मौन सबसे अधिक महसूस किया गया, वह थे चंपाई सोरेन। पूरे सप्ताह चंपाई सोरेन ने न कोई सवाल पूछा और न ही कुछ बोला। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पाला बदल कर भाजपा में आनेवाले चंपाई सोरेन को देख कर ऐसा लगता है कि वह अब तक खुद को नयी पार्टी में एडजस्ट नहीं कर पाये हैं।

### कल्पना सोरेन की सक्रियता

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन इस सप्ताह सदन के भीतर बेहद सक्रिय रहीं। उन्होंने न केवल सत्ता पक्ष की तरफ से सरकार से सवाल पूछे, बल्कि सदन के बाहर साथी विधायकों से मंत्रणा करती भी दिखीं। केंद्र पर झारखंड के बकाये का सवाल पूछ कर कल्पना सोरेन ने साबित कर दिया कि वह बहुत तेजी से मुद्दों की गहराई में उतर रही हैं। कल्पना ने विपक्ष के सदस्यों के बजट पर दिये वक्तव्य का सटीक जवाब दिया। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने विपक्ष को जबाव दिया, तो सरकार के कामकाज बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया।

### पूर्णिमा ने दोनों पक्षों की शाबाशी ली

नये विधायकों मे जमशेदपुर (पूर्वी) से भाजपा की विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू का प्रदर्शन अच्छा रहा। वह सभी सदस्यों का ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब रहीं। शून्यकाल में महिलाओं को बोलने के लिए समय आरक्षित करने की बात पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही तरफ से शाबाशी ले ली। सदन में उनकी इस बात पर दोनों पक्षों से मेज थपथपा कर समर्थन दिया गया। वहीं, जमशेदपुर के 86 बस्तियों को मालिकाना हक देने समेत हर दिन कोई न कोई मुद्दा उठाया। सत्ता पक्ष की तरफ से रघुवर सरकार के शासन की चर्चा आने पर जम कर पलटवार भी किया।

### जब्त हुआ मंत्री का मोबाइल

झारखंड विधानसभा के इतिहास में पहली बार किसी मंत्री का मोबाइल जब्त किया गया। यह घटना भी इसी सप्ताह हुई। मंत्री हफीजुल हसन सदन के भीतर मोबाइल पर बात कर रहे थे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने आपत्ति की, तो स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने मंत्री का मोबाइल जब्त कर लिया।

---

# संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ चिंता का विषय: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड के पूर्व डिप्टी सीएम और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो रविवार को देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचने के बाद उन्होंने बाबा मंदिर में पूजा की और भगवान भोलेनाथ से पूरे राज्य के लोगों के लिए बेहतर भविष्य की कामना की।



देवघर पहुंचने के बाद सुदेश महतो ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान में बजट सत्र सदन में चल रहा है लेकिन जिस तरह से सत्ता पक्ष के बीच में कम्युनिकेशन गैप दिख रहा है यह कहीं ना कहीं राज्य के विकास के लिए बाधक है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि जिस तरह से सत्ता पक्ष के नेताओं के बीच विचारों में अंतर देखने को मिल रहा है, यह कहीं ना कहीं राज्य के लोगों के लिए दुखद है। क्योंकि राज्य के लोग अपने विधायक को उम्मीद के साथ चुनते हैं ताकि उनके विधायक सदन में उनकी समस्या को उठा सकें।

उन्होंने संथाल क्षेत्र में बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठ पर बयान देते हुए कहा कि यह निश्चित ही राज्य की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। इसमें कोई शक नहीं है कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठ घुस रहे हैं। झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है।

**बंगाल और ओड़िशा में होगी पार्टी की बैठक**

**वहीं उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए वह लगातार बैठकें आयोजित कर रहे हैं। झारखंड के सभी प्रमंडल में बैठक करने के बाद वह पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए बंगाल और ओड़िशा में भी बैठक करेंगे। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और झारखंड के बगल के राज्य होने के कारण आजसू पार्टी की नजर बिहार चुनाव पर जरूर रहेगी।**

**आजसू का मुख्य उद्देश्य समस्याओं को उठाना :** बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए सुदेश महतो ने कहा कि भारत सरकार इस समस्या पर संज्ञान ले और वैसे लोगों को चिह्नित करे जो गलत तरीके से झारखंड में घुस रहे हैं। वैसे लोगों को चिह्नित कर भारतीय कानून के हिसाब से कार्रवाई भी करें। पिछले चुनाव में आजसू पार्टी की करारी हार और पूरे सदन में सिर्फ एक विधायक होने के सवाल पर सुदेश महतो ने कहा कि सदन में विधायकों की संख्या नहीं बल्कि आम लोगों की समस्याओं को उठाना मुख्य उद्देश्य है, जो वो एक विधायक के माध्यम से भी कर रहे हैं।

---

## जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

# जामताड़ा में जल्द बनेगा मेडिकल कॉलेज: इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा शहर के मातृ आश्रम में दुर्गा मंदिर के समीप रविवार को जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान मंत्री ने घोषणा की कि राज्य के पांच जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जायेगा, जिनमें से एक जामताड़ा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जायेगी और इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



इस अवसर पर मंत्री ने सहिया कार्यकर्ताओं के लिए भी एक नयी सौगात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्य की सभी सहियाओं को टैबलेट दिये जायेंगे, जिससे उनके कार्यों में सुविधा होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ सहिया कार्यकर्ता पैसे के लालच में गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल के बजाय निजी अस्पतालों में भर्ती करवा देती हैं, जहां वही सुविधा महंगे दरों पर मिलती है। उन्होंने लोगों से सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का सही उपयोग करने की अपील की। विपक्ष पर हमला बोलते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड में बाहरी बीजेपी नेता बड़े-बड़े महल बनाकर रह रहे हैं, जबकि यहां के आदिवासी अभी भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी स्थितियों को बदलने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

---

# सात माह के मासूम की हत्या दादी हिरासत में, दादा फरार

**हत्या के आरोप में पूर्व में भी जेल जा चुकी है दादी चंपा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिले में एक सात माह के दुधमुंहे बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप बच्चे की दादी और दादा पर लगाया गया है। यह मामला कुंडा थाना अंतर्गत ढाकोडीह गांव का है। गांव के ही बगल में स्थित स्कूल के पास एक गड्ढे से बच्चे की बॉडी बरामद की गयी है। मृतक बच्चे की शिनाख्त चंदन यादव के सात माह का बेटा शिवांश के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की पूछताछ के बाद बच्चे की दादी चंपा देवी को हिरासत में ले लिया। जबकि बच्चे का दादा बाजो महतो मौके से फरार है।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गांव का एक व्यक्ति तालाब की ओर जा रहा था, कि तभी गड्ढे में पड़े बच्चे की डेड बॉडी पर उसकी नजर पड़ी। हो-हल्ला होने के बाद सूचना पाकर मृतक के माता-पिता सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कुंडा थाना पुलिक को इसकी सूचना दी। इधर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा आरोपित चंपा देवी के साथ खूब मारपीट भी की गयी। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस उसे बचाकर अपने साथ पूछताछ के लिए थाने ले गयी। बच्चे की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार चंपा देवी पर पूर्व में अपनी भैंसुर की बेटी की हत्या का आरोप लगा था और वह इस अपराध के लिए जेल भी गयी थी।

---

# जामताड़ा में पेट्रोल पंप में लूट कर्मचारी की गोली मार कर हत्या

**तीन अपराधी एक अपाचे बाइक पर आये और घटना को दिया अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा में रविवार को हुई एक आपराधिक घटना में बाइक सवार बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पेट्रोल पंप कर्मी को गोली मारने के बाद अफराधी उससे पैसे लेकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक यह घटना गोविंदपुर-साहिबगंज रोड पर चौकुंदा के नायरा पेट्रोल पंप पर हुई। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वहां पहुंची पुलिस ने अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि तीन अपराधी एक अपाचे बाइक पर सवार होकर आये और लूटपाट करने लगे।



लूटपाट के दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारी जनार्दन माजी पर तीन गोलियां चलायी। एक गोली जनार्दन को लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। मौके पर मौजूद एक बड़े वाहन के ड्राइवर ने शोर मचाया, जिसके बाद बदमाश भाग गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता, सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और एएसआइ संतोष गोस्वामी घटनास्थल पर पहुंचे।

लोगों ने घायल कर्मचारी को इलाज के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.1°c | 14.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.50 बजे |



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्य स्तरीय बैठक

# डालसा जमीनी स्तर पर न्याय देने की आधारशिला : जस्टिस एमएस रामचंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव सहित अन्य न्यायाधीशों ने संयुक्त रुप से न्याय सदन, झालसा के सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय में लीगल एंड क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने वर्चुअल माध्यम से किया।

मौके पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीशों से कहा कि वे संबंधित न्यायालयों पर यह प्रभाव डालें कि छोटे अपराधों में व्यक्ति को हिरासत में लेते समय यंत्रवत रिमांड आदेश पारित न किया जाये।

मौके पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने कहा कि हमें यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण झारखंड के जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता के माध्यम से न्याय प्रदान करने में बहुत अच्छा काम कर रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राथमिक संपर्क बिंदु हैं और जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला है। झारखंड 2024 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में 99.49% की उच्चतम निपटान दर हासिल करके शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बन गया है। यह हमारे विधिक सेवा कार्यबल द्वारा की जा रही लगातार कड़ी मेहनत को दर्शाता है और उनके योगदान का प्रमाण है। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद तीन तकनीकी सत्र आयोजित किये गये।

# आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए घरों का मंत्री दीपक बिरुवा ने जायजा लिया

- पीड़ित परिवारों को तिरपाल और आर्थिक सहायता दी
- नुकसान का सर्वे करने का जिला प्रशासन को दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** चाइबासा सदर प्रखंड अंतर्गत गाईसुटी पंचायत के विभिन्न गांवों में आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश ने कहर बरपाया। इस हादसे में कांकी, चिमीहातु, लोकेहातु जैसे गांवों के 32 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये, जबकि कई घरों को आंशिक नुकसान भी हुआ है। इस दुर्घटना में एक बच्चे का हाथ टूट गया है। सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए स्थानीय लोग ने मंत्री दीपक बिरुवा से संपर्क साधे, जिसके बाद मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया।

मंत्री दीपक बिरुवा ने रविवार को रांची से लौटने के बाद कांकी पंचायत का दौरा किया और यहां पीड़ित परिवारों को तिरपाल, अन्य राहत सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर स्थानीय अंचल अधिकारी और अन्य सरकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे। मंत्री ने कहा, आंधी-तूफान ने यहां के लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन हम जल्द ही घरों की क्षति का सर्वेक्षण कर मुआवजा दिलवाने की पूरी कोशिश करेंगे। दीपक बिरुवा ने यह भी निर्देश दिया कि स्थानीय प्रशासन जल्द से जल्द नुकसान का सर्वेक्षण कर उचित मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करे। स्थानीय प्रशासन की ओर से आगे भी पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही गयी है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| | |
|---|---|
| **मेष** | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| **वृष** | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| **मिथुन** | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| **कर्क** | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| **सिंह** | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| **कन्या** | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| **तुला** | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| **वृश्चिक** | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| **धनु** | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| **मकर** | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| **कुंभ** | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| **मीन** | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

### कांग्रेस ने मनाया शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस

# शहीदों के बलिदान से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता : केशव महतो कमलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। देश की आजादी के संघर्ष में इन तीनों के बलिदान ने सुनहरा अध्याय स्थापित किया है। इनके बलिदान को याद करते हुए पूरा देश आज के दिन को भी शहीद दिवस के रूप में मनाता है। ताकि जुल्म अत्याचार के प्रति संघर्ष और देश प्रेम की भावना वर्तमान युवा वर्ग में जागृत रहे। इनके बलिदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की जो ज्वाला प्रज्ज्वलित हुई। वह देश की आजादी के बाद ही शांत हुई। आजादी के संघर्ष के दिनों के दौरान इनकी वीरता ने अंग्रेजी हुकूमत की की जड़ें हिला रखी थी। ब्रिटिश सरकार द्वारा इन्हें फांसी दिये जाने के बाद स्वतंत्रता के आंदोलन में एक नया मोड़ प्रारंभ हुआ जिसकी परिणति देश को ब्रिटिश सरकार से मुक्ति के रूप में हुई। इसी क्रम में क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री टी मुचिराय मुंडा की पुण्यतिथि भी मनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सोनाल शांति, अभिलाष साहू, गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू, राजन वर्मा, रमा खलको सहित अन्य शामिल थे।

### सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण पर रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# सभी वर्गों के साथ बैठ कर समस्या का समाधान निकालने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के सिरम टोली के समीप फ्लाइओवर का निर्माण चल रहा है। इस फ्लाइओवर के समीप सरना स्थल के पास रैंप का निर्माण होना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर रविवार को कहा है कि सरना स्थल, सरना समाज से जुड़े लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है।

उक्त स्थल पर सिर्फ सरना समुदाय ही नहीं बल्कि हम सबकी भी आस्था है। सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण का विरोध समाज के लोग लगातार कर रहे हैं। यह हम सबके लिए भी चिंतन का विषय है। निश्चित रूप से शहर का विकास होना चाहिए परंतु उसमें हम सब की धार्मिक आस्था और उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखें तो समाज भी हमारे साथ खड़ा होगा। सरना समाज की आस्था को देखते हुए, मेरा सुझाव है कि अविलंब इस दिशा में संबंधित विभाग, सरना समाज के प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इसका हल निकाला जाना चाहिए ताकि किसी समाज की आस्था भी आहत नहीं हो और विकास का कार्य भी समुचित रूप से हो सके।

अतः अविलंब सभी वर्गों के साथ बैठकर इस समस्या का समाधान निकालने के लिए त्वरित कार्यवाही की जाये। क्योंकि यह स्थल लाखों लोगों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। एक सप्ताह के बाद सरहुल महोत्सव भी मनाया जाना है, ऐसे में इस दिशा में सरकार को त्वरित और समुचित पहल करनी चाहिए।

# मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के अध्यक्ष बने विशाल पाडिया

- मंडल उपाध्यक्ष-1 पद पर आसीन हुए आशीष अग्रवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**


विशाल पाडिया


आशीष अग्रवाल

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के प्रांतीय चुनाव रविवार को जमशेदपुर में संपन्न हुआ। इस चुनाव में विशाल पाडिया को प्रांत अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। जबकि आशीष अग्रवाल को मंडल उपाध्यक्ष-1 के रूप में चुना गया। प्रांत अध्यक्ष पद के लिए दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक मतदान हुआ। जिसमें मंच के सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें विशाल पाडिया को 87 मतों से विजय मिली। वहीं, मंडल उपाध्यक्ष-1 पद के लिए कोई अन्य उम्मीदवार न होने के कारण आशीष अग्रवाल निर्विरोध चुने गये।

नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष विशाल पाडिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के उद्देश्यों को और आगे बढ़ाने के लिए मैं संकल्पित हूं। वहीं, मंडल उपाध्यक्ष-1 आशीष अग्रवाल ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गी है, उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। उक्त जानकारी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

# झारखंड में वैश्य समाज एकजुट हो : महेश पोद्दार

- अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक रविवार को हटिया रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल इन में संपन्न हुई। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के झारखंड के प्रभारी रामगोपाल गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर शेखर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा आज जरूरत है की झारखंड में वैश्य समाज एक जुट हो। आज हमारी आबादी 53% होने के बावजूद आज हम संगठित नहीं हैं जिसके कारण राजनीति और सामाजिक स्तर पर जो उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर शेखर अग्रवाल ने कहा कि आज सभी उपजातियां को संगठित होने की जरूरत है। अपने हक और अधिकार के लिए हमें संगठित होना ही पड़ेगा। जब समाज संगठित होगा तभी आपको राजनीति हो या सामाजिक क्षेत्र में आपको उचित भागीदारी मिलेगी। अपने समाज के उत्थान के लिए हम सबों को मिलकर काम करने की जरूरत है। आज सर्वसम्मति से अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव एवं संगठन मंत्री के लिए चार नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा गया है जिसमें अरुण कुमार, अजय साह, संजय पोद्दार, विक्रम गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इन सभी के नाम पर विचार कर इसकी घोषणा की जायेगी। आज की इस बैठक में जमशेदपुर, धनबाद, रामगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। विकास गुप्ता, मयंक गुप्ता, आरसी मंडल, अरुण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, कमल किशोर गुप्ता, अजय, संजय पोद्दार, सर्वेश गुप्ता, शंकर लाल मित्तल सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों की दयनीय स्थिति पर भड़के नेता प्रतिपक्ष

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी : बाबूलाल मरांडी

- 108 एंबुलेंस कर्मचारी बीते कई दिनों से हड़ताल पर हैं इससे दुर्घटना में घायल लोगों की जान जोखिम में है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों की दयनीय स्थिति के संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि 108 एंबुलेंस कर्मचारी आर्थिक तंगी, वेतन में कटौती और अस्थायी नौकरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

**बाबूलाल मरांडी का पोस्ट :** बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा है, राज्य सरकार 108 एंबुलेंस सेवा को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताती है, लेकिन इसके कर्मचारियों की स्थिति दयनीय है। झारखंड के 108 एंबुलेंस कर्मचारी आर्थिक तंगी, वेतन में कटौती और अस्थायी नौकरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि, वे एयर एंबुलेंस का सब्जबाग दिखाने बजाय आपातकालीन 108 एंबुलेंस सेवा को सुदृढ़ करें, ताकि दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी मरीजों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सके।

### सत्ता पक्ष के विधायक ने भी उठायी थी आवाज

विधानसभा सत्र के 15 वें दिन, 21 मार्च 2025 को सत्ता पक्ष के विधायक मनोज कुमार यादव ने भी 108 एंबुलेंस कर्मचारियों के समस्याओं को सदन में रखा था। उन्होंने कहा था कि, एंबुलेंस सेवा ठप रहने के कारण मरीज खास कर वाहन दुर्घटना में घायल लोगों की जान जोखिम में है। एंबुलेंस सेवा समय पर नहीं उपलब्ध होने से कई घायलों की असमय मौत हो जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि शीघ्र अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा हो, जिससे दुर्घटना में घायल मरीजों को तुरंत अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। मालूम हो अपनी मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस कर्मचारी बीते कई दिनों से हड़ताल पर हैं। जिसके कारण राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा बाधित है। 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने सरकार से कम वेतन, समय पर भुगतान और उचित सुविधाओं की मांग की है।

# तीन आंगनबाड़ी सेविकाओं पर मंईयां सम्मान योजना में वसूली का आरोप, मांगा स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन को मिली शिकायतों के बाद रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने धुर्वा क्षेत्र की तीन आंगनबाड़ी सेविकाओं से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर देना है।

जानकारी के मुताबिक जन शिकायत कोषांग के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें धुर्वा के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं पर लाभार्थियों से आवेदन सत्यापन के नाम पर पैसे वसूलने का आरोप लगाया गया है। इन आंगनबाड़ी सेविकाओं पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों से अनुचित तरीके से राशि वसूलने का आरोप है। डीसी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर को निर्देश दिया है कि वे इन सेविकाओं से स्पष्टीकरण लेकर 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपें।

डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने चेतावनी दी है कि अगर निर्धारित समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संबंधित सेविकाओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही दोषी पाये जाने पर उन्हें उनके पद से हटाया भी जा सकता है।

### इन सेविकाओं से मांगा गया जवाब

- अर्चना सिंह (पटेल फिल्ड, बंधन कोच्चा, धुर्वा)
- गीता कुमारी (गायत्री नगर, धुर्वा)
- उषा कुमारी (कदम खटाल, धुर्वा)

## बिपिन शिक्षा सलाहकार के लिए हुए सम्मानित




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में स्थित होटल चाणक्या बीएनआर में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान रांची ने झारखंड एजुकेशन मीट कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट शिक्षा सलाहकारों को चयन उन्हें सम्मान प्रदान किया है। इस सम्मान समारोह में प्रखंड के सांढ़ निवासी शिक्षाविद युवा लेखक और स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक बिपिन कुमार को भी सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अभिषेक राज ने इन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते आयोजक के संस्थापक हुए अभिषेक राज ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। देश का नागरिक तभी शिक्षित, संस्कारित और सशक्त हो सकता है जब उसकी बुनियाद समृद्ध और सुरक्षित होगी। विदित हो कि सम्मानित बिपिन कुमार दस वर्षों से हजारीबाग क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, सेमिनार, करियर काउंसलिंग व शिक्षा से जुड़ी जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम सेवा दे रहें। इन्होंने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित कर सफल अभ्यर्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित कर रहें हैं। इन्होंने 24 वर्ष के उम्र में पॉलिटिकल साइंस स्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना कर चुके हैं।

## प्रजापति समाज को कुंभज ऋषि के बताये मार्ग पर चलने की है जरूरत : नरेंद्र कुमार




इचाक (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रखंड कमेटी के द्वारा परासी स्थित एसपीएस स्कूल परिसर में कुम्भज ऋषि की जयंती मनायी गयी। जयंती समारोह की शुरुआत महर्षि कुम्भज ऋषि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति ने की। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रजापति और संचालन निरंजन प्रजापति ने किया। गीत संगीत पुरोधा परमेश्वर प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति के टीम की ओर से महर्षि के सम्मान में कई गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र उर्फ पप्पू प्रजापति ने कहा कि महर्षि कुंभज एक ऋषि ही नहीं बल्कि मंत्रदृष्टा, वैज्ञानिक, सप्त ऋषियों में एक आयुर्वेद ऋग्वेद के जानकार थे। उन्होंने कहा कि समाज को ऋषि के बताये मार्ग पर चलकर सही दिशा में चलने की जरूरत है। इसके अलावा संरक्षक महेश प्रजापति, विष्णु प्रजापति, तिलकधारी प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, तालेश्वर प्रजापति, ठाकुर प्रजापति, बच्चू प्रजापति, कन्हाई प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, अहिल्या देवी, सविता देवी, पूनम कुमारी, गन्दोरी प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति के अलावा कई वक्ताओं ने महर्षि कुंभज महिमा का बखान किया।

## झारखंड आंदोलनकारी आरके नटवर की सड़क दुर्घटना में मौत


आरके नटवर। फाइल फोटो

बरही (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी सह लेख प्रमाणक (नोटरी पब्लिक) राम कृष्ण प्रसाद नटवर (68) वर्ष का करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतक अपने मोटरसाइकिल से बरही जा रहे थे, इसी क्रम में ट्रक संख्या बी आर 2 जी सी 6723 पास लेने के दौरान अपने चपेट में ले लिया, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक ने एक बार लोकसभा और एक बार विधानसभा का भी चुनाव लड़ चुके। साथ ही रंगमंच के कलाकार थे। उनके द्वारा निर्देशित बंद करो झमा काफी पॉपुलर हुआ था। आज भी दर्शक याद करते हैं। डॉक्यूमेंट्री फिल्म नेटुआ का भी निर्माण कर चुके थे, शांति निकेतन महाविद्यालय में प्रोफेसर भी रह चुके थे। आंदोलनकारी का पेंशन भी मिलता था। 1994 में अनुमंडलीय कोर्ट का उद्घाटन हुआ था उस समय बार एसोशिएसन का दो बार मनोनीत अध्यक्ष रह चुके थे। अधिवक्ता राजकुमार प्रसाद, रामचंद्र साव, मंजीत कुमार, शशि कुमार, के पी चौधरी, कुंजल साव, राजीव प्रसाद गुप्ता, मणिलाल चौधरी, सुजीत कुमार समेत कई लोग उनके आवास पहुंच कर दुख प्रकट किया।

## शिवपुरी के रहने वाले युवक ने की आत्महत्या

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के शिवपुरी मुहल्ले में रहने वाले 25 वर्षीय युवक सौरभ सिन्हा ने आत्महत्या कर ली है। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर ही आरोप लगा दिया है कि अत्यधिक दबाव के कारण उसने खुदखुशी कर ली। इस मामले को लेकर पुलिस ने कहा है कि किसी पर कोई दबाव नहीं था। पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है। परिजनों ने बताया कि सौरभ कपड़े की दुकान में काम करता था। पैसे की लेनदेन को लेकर दुकानदार ने उसके खिलाफ बड़ा बाजार थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। साथ ही परिजनों ने बताया कि पुलिस ने सौरभ पर अत्यधिक दबाव बनाया जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली है। इस घटना को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। परिजन और स्थानीय लोग पुलिस और दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।


सौरभ सिन्हा। फाइल फोटो

## श्री रामदूत महावीर पूजा समिति के अध्यक्ष बने रवि ठाकुर, सचिव प्रभात गुप्ता



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव मुख्य चौक स्थित देवी मंडप में रामनवमी पूजा में झांकी व जुलूस निकालने को लेकर श्री रामदूत महावीर पूजा समिति की बैठक की गयी। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रामनवमी जुलूस वह झांकी निकाला जायेगा। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष और रवि राज शर्मा उर्फ रवि ठाकुर, सचिव प्रभात गुप्ता उर्फ लल्लू, कोषाध्यक्ष रंजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष सोनू गुप्ता, उप सचिव आशीष गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष अभिषेक राय, संगठन मंत्री रोहित गुप्ता, मनोरंजन मंत्री विकास गुप्ता, संरक्षक सुबोध जयसवाल, विष्णु रजक, घनश्याम जायसवाल, मिंटू जायसवाल, सहसंयोजक संजय गुप्ता, सीताराम सेठ, बालेश्वर चौरसिया, मनोज खंडेलवाल, उमेश गुप्ता, शंभु साहा, कमलेश श्रीवास्तव, आदित्य प्रजापति, रवि सोनी, विष्णु खंडेलवाल, जगदीश साव, नागेश्वर महतो, अशोक महतो, पूजा प्रभारी लेखराज जायसवाल, डेकोरेशन मंत्री मुकेश तुरी को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से जुलुस झांकी निकाला जायेगा।

# कोलकाता के लापता व्यवसायी का 7 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोलकाता के लापता व्यवसायी का 7 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कोडरमा पुलिस लगातार गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है और हर नामुकिन पहलू पर जांच कर रही है, लेकिन नतीजा नहीं निकल पाया है। बताया जाता है कि कोलकाता के व्यवसायी और शेयर ब्रोकर सुमित दाहिमा का 7 दिन बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। ऐसे में परिजन अब अनहोनी की आशंका जताने लगे हैं। ज्ञात हो कि विगत 17 मार्च को कोलकाता के व्यवसायी और शेयर ब्रोकर सुमित दाहिमा कोडरमा पहुंचने के बाद संदेहास्पद स्थिति में लापता हो गये हैं। परिजनों के मुताबिक सुमित दाहिमा की तिलैया थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के पास एक जमीन थी, जिसका सौदा उन्होंने कर दिया था। डोमचांच प्रखंड अंतर्गत रहने वाले राजेश बद्री को उन्होंने जमीन बेची थी। जमीन के एवज में कुछ रकम सुमित दाहिमा को मिल गयी थी, जबकि बाकी के रकम के एवज में उन्हें राजेश बद्री ने फ्लैट देने का वादा किया था। लगातार 6 महीने से फ्लैट के लिए राजेश के द्वारा टालमटोल किया जा रहा था। इसी मामले को लेकर सुमित पुछले 17 मार्च को कोलकाता से कोडरमा पहुंचे थे। उन्होंने कोडरमा व्यवहार न्यायालय और सदर अस्पताल के बीच से उन्होंने अपने परिजनों को फोन भी किया था और यह बताया कि उनकी तबीयत थोड़ी खराब है। इसके बाद उन्होंने सदर अस्पताल में इलाज भी करवाया। इस आखिरी कॉल के बाद से सुमित की परिजनों से कोई भी बात नहीं हो पायी।


व्यवसायीसुमित दाहिमा। फाइल फोटो

इस बीच लगातार दो दिनों तक सुमित के मोबाइल में रिंग बजता रहा, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। मामले को लेकर परिजनों ने पहले कोलकाता में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी, जिसमें उन्हें यह पता चला कि सुमित का लास्ट लोकेशन कोडरमा ही है। इसके बाद उसके परिजन कोडरमा पहुंचे और कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। कोडरमा पुलिस भी इस अनसुलझे गुत्थी को सुलझाने में जुट गयी है। एसपी के निर्देश पर डीएसपी दिवाकर कुमार की अगुवाई में एक टीम बनाया गया है, जो लापता व्यवसायी की तलाश करने के साथ पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस इस मामले में अब तक कई लोगों से पूछताछ कर रही है।

## विधायक ने विद्यालय चहारदीवारी का किया शिलान्यास




चलकुशा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने चलकुशा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोरबंदा का चारदिवारी और अन्य निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस विद्यालय का चारदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य एक करोड़ से ऊपर की लागत से होनी है, निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनिमियता बर्दास्त नहीं की जायेगी। मौके पर मुखिया सुखदेव यादव, दिनेश सिंह, राम प्रसाद यादव, गोविंद चौधरी, श्याम सुंदर यादव, बिरेंद्र यादव, नईम अंसारी, वासुदेव दास, महादेव यादव एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता ओर ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने रामनवमी पर डीजे बजाने की अनुमति मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस धार्मिक पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने के लिए प्रशासन एक सकारात्मक निर्णय ले। मुन्ना सिंह ने कहा कि रामनवमी हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। इसे भव्य रूप से मनाने के लिए डीजे बजाने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि भक्तजन पूरे उत्साह के साथ पर्व मना सकें। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि



जनभावनाओं को समझते हुए धार्मिक स्वतंत्रता को सम्मान दिया जाये और डीजे बजाने पर लगाए गये प्रतिबंध को हटाया जाये। उन्होंने जनता से इस मांग का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस मुद्दे को उठाएं और प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाएं।

# रेलवे के निजीकरण और आधुनिकीकरण से कुलियों की आजीविका पर संकट, सांसद को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुली मोर्चा के कोडरमा जिला इकाई के पदाधिकारी ने रविवार को कोडरमा की सांसद से चाराडीह स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें आजीविका के संकट से गुजर रहे कुलियों ने रेलवे की सरकारी नौकरी में समायोजित करने की मांग की है। राष्ट्रीय कुली मोर्चा कोडरमा इकाई के राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, मंटू कुमार, रामानंद सिंह, सुमित व अन्य ने



ज्ञापन सौंप कर बताया कि रेलवे में आधुनिकरण और निजीकरण के कारण कुलियों के सामने आजीविका का भीषण संकट खड़ा हो गया है। हालत यह हो गई है कि महंगाई में कुली अपनी कम आमदनी के कारण अपने परिवार की जीविका नहीं चला पा रहे हैं। रेलवे के द्वारा कुलियों के सामाजिक सुरक्षा के लिए जो आदेश निर्गत किए गए थे। वह भी आज तक जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया है। कुलियों ने बताया कि कई स्टेशनों पर बैटरी चलित कार और रेलवे के द्वारा ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से सामान ढोने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे कुलियों की आजीविका का हनन हो रहा है। ज्ञापन में राष्ट्रीय कुली मोर्चा के द्वारा सांसद से संसद के मौजूदा बजट सत्र में एक बार फिर से कुलियो को रेलवे में नौकरी देने की कार्रवाई और कुलियों के सामाजिक सुरक्षा के लिए रेलवे द्वारा जारी सभी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का सवाल उठाने की मांग की है। मौके पर छोटे लाल यादव, जयशंकर प्रसाद, मनोज यादव, अनिरुद्ध कुमार, लीलाधारी मंडल, शिव शंकर प्रसाद, रवि यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य ने अध्यक्ष पर मनमानी करने का लगाया आरोप

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। मॉडल स्कूल बंडासिंघा के अध्यक्ष पर मनमानी और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप एचएम ने लगाया है। इस बाबत प्रभारी प्रधानाध्यापक राहुल कुमार सिंह ने हजारीबाग उपायुक्त और बरकट्ठा बीईईयो को लिखित आवेदन दिया है। कहा कि स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर एसएमसी के माध्यम से बच्चों का नामांकन किया जाना था, जिसमें अध्यक्ष अर्जुन नायक के द्वारा अपने पांच बच्चों का नामांकन के लिए जबरन दबाव बनाते हैं। कहा कि अध्यक्ष चयन 23.09.24 से लेकर आजतक स्कूल विकास के प्रति इनका नाकारात्मक सहयोग है और ना ही स्कूल आते हैं। एसएमडीसी की बैठक में भी बुलाने पर अध्यक्ष नही आते हैं और कभी कभार आते हैं तो नशे में शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। प्रभारी ने बताया कि एसएमसी के सदस्यों ने 20 मार्च को बैठक बुलाया था, जिसमें अध्यक्ष अर्जुन नायक ने पहुंचकर सभी सदस्यों के साथ जोर जोर से चिल्लाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।

## प्रखंड के 131 सरकारी विद्यालयों में टैब का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के 131 सरकारी विद्यालयों में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्राप्त टैब का वितरण किया गया। बीआरसी भवन विष्णुगढ़ में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुणाल कुमार के द्वारा शनिवार को वितरण किया गया। यह टैब डिजिटल शिक्षा के लिए काफी सहायक है जिसको लेकर प्रखंड के सभी विद्यालयों में इसका वितरण किया गया। यह टैब विद्यालयों को बायोमेट्रिक उपस्थिति, मध्यान भोजन एसएमएस, प्रत्येक माह में होने वाले प्रोजेक्ट रेल परीक्षा एवं अन्य कार्यों को आसान करने के लिए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिया गया। इस वितरण के मौके पर लेखापाल पदाधिकारी विष्णुनाथ समेत कई शिक्षाकर्मी मौजूद रहे।

# सांसद पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और ख्यातिपूर्ण रामनवमी महोत्सव-2025 को लेकर हजारीबाग रामनवमी के पुराने स्वरूप को जीवंत करने और पारंपरिक कला-कौशल प्रदर्शन के साथ झांकियां का कारवां निकलें इस उद्देश्य को लेकर 'सांसद पारंपरिक अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान -2025' की शुरूआत शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोला, चितरपुर और रामगढ़ में विभिन्न दर्जनों अखाड़ा धारियों के बीच लाठी- तलवार भेंटकर किया। रविवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, बरही और चौपारण प्रखंड क्षेत्र के



विभिन्न अखाड़ा धारियों के बीच सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और उन्हें पारंपरिक लाठी तलवार भेंटकर हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने हुए लाठी तलवार का हैरतअंग्रेज करतब दिखाने का आग्रह किया ।

सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पदमा प्रखंड के पदमा स्थित सुबोध लाइन होटल परिसर में सांसद अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान- 2025 के तहत पदमा प्रखंड के 8 पंचायतों के करीब 46 गांव के कुल 29 अखाड़ा धारियों को रामनवमी से पूर्व पारंपरिक कला- कौशल प्रदर्शन के लिए पारंपरिक लाठी और तलवार भेंट किया। प्रत्येक अखाड़ा को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 21 लाठी और 02 तलवार भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

**बरही के 80 अखाड़ाधारियों के बीच सांसद अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान- 2025 के तहत बांटा गया पारंपरिक लाठी- तलवार :** बरही प्रखंड क्षेत्र के कुल 80 अखाड़ाधारियों को पारंपरिक हथियार और 1680 डंडा भेंट किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विहिप के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया। अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने सांसद व विधायक को भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने विभिन्न अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष, सचिव और रामभक्तों को संबोधित करते हुए अनुशासित तरीके से श्री रामनवमी पर्व मनाने की सलाह दी।

## रामनवमी संगम युवा क्लब के अध्यक्ष बने पिंटू



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के बसरिया मोहल्ला में रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर संगम युवा क्लब की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभु प्रसाद सोनी ने की। बैठक में कमेटी का पुनर्गठन किया गया।जिसमें से अक्षय पिंटू कुमार सोनी, उपाध्यक्ष - गुड्डू कुमार मेहता, सचिव रवि कुमार पासवान, उपसचिव- पंकज कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष अंकित सोनी, उपकोषाध्यक्ष - सुनिल कुमार, अरविंद कुमार, संयोजक दिलीप कुमार मेहता, टिंकू कुमार मेहता, प्रकाश सोनी, विकास मेहता, संगठन मंत्री - प्रकाश मेहता, सोनी विषेक मेहता, अभिषेक मेहता, मनोरंजन मंत्री - रविंद्र सोनी, पवन सोनी, प्रकाश सोनी, राजेश सोनी उप मनोरंजन मंत्री ललन सोनी, बंटी सोनी, विरेंद्र सोनी, लखन महतो, संरक्षक- सुरेश महतो, प्रभु प्रा सोनी, अशोक पासवान, शिवशंकर सोनी, गणेश पासवान, राजेंद्र महतो, जयराज महलो आदि सर्व समिति से चुने गये।

## शहीद दिवस के मौके पर युवकों ने किया रक्तदान



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीद दिवस के मौके पर बड़कागांव अस्पताल के प्रांगण में हेल्पिंग हैंड ग्रुप ऑफ यूनिटी के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल हजारीबाग का भी योगदान रहा। इसका नेतृत्व शशि कुमार कुशवाहा ने किया। इस कार्यक्रम में 18 युवकों ने रक्तदान किया, जिसमें से रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष विदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, शशि कुमार कुशवाहा, मुकेश कुमार ठाकुर, सूरज कुमार, चेतलाल कुमार, शिवनाथ प्रसाद दांगी, गोपाल कुमार, ओम प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दिनेश कुमार, प्रवीण आदि ने रक्तदान किया। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि रक्तदान, महादान है। रक्तदान करने से ब्लड साफ होता है और शरीर भी स्वस्थ रहता है। मौके पर ब्लड डोनर्स संगठन के अध्यक्ष निर्मल जैन का भी सराहनीय योगदान रहा।

## मंदिरों की दान पेटी को चोर बना रहे निशाना

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग शहर के मंदिरों में लगे दानपेटी को चोर निशाना बना रहे हैं। चोरों ने दो दिनों में दो मंदिर के दान पेटी में रखे दान के पैसे को ताला तोड़ उड़ा दिए।




पहला मामला डिस्ट्रिक मोड़ स्थित दुर्गा मंडप का है, जहां मंदिर निर्माण के लिए दान देने के लिए रखे दान पेटी के ताले को शुक्रवार रात चोर काट उसमें रखे पैसे चोरी कर रफूचक्कर हो गये। मंदिर कमेटी ने थाना को सूचना दिया है। वहीं दूसरा मामला कालीबाड़ी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप शनि मंदिर से दान पेटी का ताला तोड़ चोरों ने रखे दान के पैसे उड़ा लिए। यह मामला शनिवार रात का बताया जा रहा है। दोनों चोरी की घटनाओं से यह प्रतीत हो रहा है कि मंदिर की दान पेटी को ही निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों के आसपास सुरक्षा नहीं होने के कारण भी चोर आसानी से मंदिर के दान पेटी को निशाना बना रहे हैं।

## रामनवमी को लेकर जेपी चौक पर बैठक



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दरिया जेपी चौक पर दरिया, जगड़ा, जोगीडीह के ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुशलचंद मेहता और संचालन सौरभ कुमार ने किया। कुशल चंद मेहता ने कहा कि पूजा शांति और सौहार्द वातावरण में मनाया जायेगा। किसी प्रकार का नशा खोरी नहीं होने दिया जायेगा। खास कर के नशा करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। चिन्हित हो जाने पर सामाजिक दण्ड दिया जायेगा और प्रशासन को सौंप दिया जायेगा। बैठक मे रामनवमी दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि, सचिव मनोज कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार, कार्यकारिणी सदस्य कुशलचंद मेहता, बीरबल प्रसाद मेहता, जगदीश मास्टर, बसंत मेहता, अशोक मेहता, बंशी प्रसाद मेहता, मनोज कुमार, छत्रधारी मेहता सहित 31 सदस्यों का गठन किया गया। बैठक मे राम प्रकाश मेहता, विजय कुमार, युवराज मेहता, बैजनाथ मेहता, जयलाल महतो, मुन्शी मेहता, दामोदर महतो, जय नंदन मेहता, दूकन महतो, राजू मिश्रा आदि उपस्थित थे। साथ ही दुर्गा मंदिर दरिया, जगड़ा, जोगीडीह के लिए मंदिर रख रखाव, व्यवस्था, विकास के लिए एक स्थायी कमेटी का भी गठन हुआ।

## मां विध्यवासिनी इंटर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो टटगांवा मोड में संचालित मां विध्यवासिनी इंटर कोलेज के बारहवीं तथा एजुकेशन सेंटर झरपो के दसवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से जिप सदस्य रामप्रसाद,उपप्रमुख 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपपमुखिया राजेंद्र प्रसाद शामिल थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवल्लित कर किया गया। निर्देशक राजकुमार राम ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और यहां के बच्चे बेहतर करे इसका पुरा ध्यान रखा जाता है। यहां के बच्चे दसवीं एवं बारहवीं अच्छा प्रदर्शन करें इसका पुरा कोशिश किया जाता है। मौके पर पुनम, नीतु, ज्योति, रोहित, नितेश, बादल, दीपक, करण समेत अन्य ने अहम भुमिका निभाया।

## कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति के सनी कुमार बने अध्यक्ष और सचिव सुजीत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। रामनवमी पूजा व झांकी को लेकर रविवार को बड़कागांव सूर्य मंदिर के सामुदायिक भवन बड़कागांव कुशवाहा समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लालमणि महतो एवं संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया। उपस्थित ग्रामीणों की सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सनी कुमार, उपाध्यक्ष झमन कुमार, सचिव सुजीत कुमार, उपसचिव प्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार, झांकी प्रभारी राहुल रंजन व धनेश्वर कुमार, संगठन मंत्री हिमाचल कुमार, उप संगठन मंत्री पिंटू कुमार और साउंड प्रभारी बबलू कुमार और सनी कुमार कुमार को बनाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# मजबूती जरूरी

लंबे समय से आतंकवाद के शिकार जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों की हिंसा थमने में नहीं आ रही। वहां रोज ही आतंकवाद की कोई न कोई घटना हो रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों के स्थानीय मददगार भी पकड़े जा रहे हैं, जो घुसपैठियों को भोजन, रहने के स्थान, धन और मार्गदर्शन द्वारा हर तरह की सहायता दे रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा हमलों व उनके अड्डों से विस्फोटकों की बरामदगी का सिलसिला भी लगातार जारी है, जिसके पिछले ढाई महीने के उदाहरण निम्न में दर्ज हैं : 9 जनवरी को जम्मू-कश्मीर पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने कुलगाम जिला में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के 3 मददगारों को गिरफ्तार किया। 3 फरवरी को पुलवामा के बेहिबाग इलाके में आतंकवादियों ने रिटायर्ड लांस नायक मंजूर अहमद के मकान पर हमला करके उनकी हत्या कर दी, जबकि उनकी पत्नी आईना और बेटी साइना घायल हो गयीं। 26 फरवरी को राजौरी जिले के सुंदरबनी में आतंकवादियों द्वारा सेना के वाहन पर हमला किया गया। 16 मार्च को सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में एक शक्तिशाली विस्फोटक बरामद करके एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया। 19 मार्च को बांदीपोरा जिले में संदिग्ध देसी विस्फोटक उपकरण (आइइडी) बरामद किये गये। 19 मार्च को ही राजौरी जिले में थाना मंडी पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा ग्रेनेड से हमला किया गया, लेकिन सौभाग्यवश कोई हानि नहीं हुई। हाल ही की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर अर्थात पीओके के दुधनियाल, जुरा और लीपा सेक्टरों में पाकिस्तान की सेना और उसकी गुप्तचर एजेंसी आइएसआइ की देखरेख में भारत के विरुद्ध आतंकवादियों के लांच पैड तैयार हो रहे हैं तथा जम्मू-कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रची जा रही है। ये आतंकवादी एके47 राइफलों, हैंड ग्रेनेड और अन्य अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं और पाकिस्तान के अधिकांश हिस्सों में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली इंटरप्टेड कम्युनिकेशन डिवाइस अल्ट्रा के जरिए अपनी गतिविधियों की प्लानिंग के संबंध में अपने साथियों से बातचीत करते हैं ताकि एजेंसियों को इनके आप्रेशन की भनक न लग सके। इसी के दृष्टिगत जम्मू में 9 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में संपन्न रिव्यू बैठक में विशेष रूप से पिछले तीन महीनों के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गिरोहों की हलचल के बारे में सुरक्षा बलों को पर्याप्त ठोस सूचनाएं न मिलने की समस्या पर चर्चा की गयी। जहां पिछले कुछ वर्षों में खुफिया तंत्र कमजोर हुआ है, वहीं आतंकियों ने अपना नेटवर्क मजबूत किया है। इसी के चलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ समय पूर्व खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया था। अतः वहां खुफिया तंत्र की मजबूती के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि वहां के हालात ठीक हो सकें।

**जम्मू में 9 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में संपन्न रिव्यू बैठक में विशेष रूप से पिछले तीन महीनों के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गिरोहों की हलचल के बारे में सुरक्षा बलों को पर्याप्त ठोस सूचनाएं न मिलने की समस्या पर चर्चा की गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बाल भगत सिंह 4 साल के थे, जब उनका दाखिला उनके गांव बंगा, जिला लायलपुर में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हुआ था। वहां उन्होंने 1917 में प्राइमरी पास की। उस समय, परिवार में उनकी देखभाल के लिए कई लोग थे। दादा-दादी, माता-पिता और चाची। छोटी आयु में भगत सिंह अपने चाचा स्वर्ण सिंह, अजीत सिंह एवं भाई जगत सिंह से भी बहुत प्यार करते थे, लेकिन अपने चाचा स्वर्ण सिंह और भाई जगत सिंह की जल्दी मृत्यु हो जाने के कारण वे उनसे थोड़े समय के लिए ही मिल पाये।**

# भगत सिंह का अपने दादा से पहला पत्र व्यवहार

सरबजीत सिंह

भगत सिंह का अपने दादा स. अर्जन सिंह से पत्र-व्यवहार उसी दिन से शुरू हो गया था जब वे 5वीं कक्षा पास करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए गांव से आकर लाहौर स्थित घर पर रहने लगे। निःसंदेह दादा जी भी उसके दुःख को समझते थे और उसके पत्रों का उत्तर देने में देर नहीं करते थे। वे हर पत्र में उनका हाल-चाल पूछते थे और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी लेते थे। गांव में रहते हुए स. अर्जन सिंह इस प्रतिभाशाली बालक के मार्गदर्शक और मित्र थे। वह उनसे हर छोटी-बड़ी बात की जानकारी लेते थे और कभी-कभी उनके साथ बाल्यावस्था वाले खेल भी खेलने लगते थे।

जब वह छोटा था, तो वह अपनी मीठी और तोतली जुबान के कारण अपनी चाचियों का प्रिय बन गया। सभी उन्हें भागां वाला कहते थे, क्योंकि उनके जन्म के कुछ दिन बाद ही आंदोलनकारियों की रिहाई शुरू हो गयी थी। नवंबर 1907 में स. अजीत सिंह का वनवास टूट गया और स. किशन सिंह और स्वर्ण सिंह भी जमानत पर जेल से रिहा हो गये। उनके देखते ही देखते स. अर्जन सिंह का घर फिर से खुशियों से महकने लगा था। बाल भगत सिंह 4 साल के थे, जब उनका दाखिला उनके गांव बंगा, जिला लायलपुर में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हुआ था। वहां उन्होंने 1917 में प्राइमरी पास की। उस समय, परिवार में उनकी देखभाल के लिए कई लोग थे। दादा-दादी, माता-पिता और चाची। छोटी आयु में भगत सिंह अपने चाचा स्वर्ण सिंह, अजीत सिंह एवं भाई जगत सिंह से भी बहुत प्यार करते थे, लेकिन अपने चाचा स्वर्ण सिंह और भाई जगत सिंह की जल्दी मृत्यु हो जाने के कारण वे उनसे थोड़े समय के लिए ही मिल पाये।

**लाहौर में दाखिला लेने के कारण 10 वर्षीय बालक भगत सिंह को अपने बड़े परिवार से बिछुड़ना पड़ा और नवांकोट बस्ती, लाहौर आना पड़ा।**



स. अर्जन सिंह के परिवार पर आर्य समाज का बहुत प्रभाव था, क्योंकि यह उस समय अस्पृश्यता उन्मूलन, लड़कियों की शिक्षा और सामाजिक कल्याण की बात करता था। इसीलिए ग्राम बंगा जिला लायलपुर में प्राइमरी स्कूल पास करने के बाद भगत सिंह को आर्य समाज द्वारा संचालित दयानंद एंग्लो वैदिक (डी.एवी) स्कूल लाहौर में दाखिला दिया गया (डीएवी) स्कूलों में उर्दू के साथ-साथ हिंदी और संस्कृत भी पढ़ाई जाती थी, लेकिन पंजाबी नहीं। लाहौर में दाखिला लेने के कारण 10 वर्षीय बालक भगत सिंह को अपने बड़े परिवार से बिछुड़ना पड़ा और नवांकोट बस्ती, लाहौर आना पड़ा। किशन सिंह पहले से ही राजनीतिक गतिविधियां कर रहे थे, हालांकि यह जगह काफी खुली थी और वहां एक बगीचा भी था। कभी-कभी वह अपनी मां के साथ गांव जाते थे, लेकिन जल्द ही उन्हें गांव की याद सताने लग जाती थी। वह 1918 की बरसात का मौसम था, जब स. किशन सिंह के 11वें वर्ष में पहुंचे बेटे भगत सिंह एक वर्ष से अधिक समय के लिए गांव आये थे, लेकिन फिर भी वे शहर के वातावरण में पूरी तरह से नहीं डूबे। वह गर्मियों की छुट्टियों का इंतजार कर रहा था, ताकि गांव जाकर अपने दोस्तों के साथ खेतों में खेल सके।

भगत सिंह के दादा उस समय अपने पैतृक गांव खटकड़कलां जिला जालंधर (अब जिला भगत सिंह नगर) पहुंचे थे। खटकड़ कलां में भी उनके बीच जमीन-जायदाद, करीबी रिश्ते और भाईचारा था। किन्हीं बिंदुओं पर अर्जन सिंह को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए गांव खटकड़ कलां छोड़कर लायलपुर जाना पड़ा। उन्हें सरकार द्वारा वन भूमि को कृषि योग्य बनाने की योजना के तहत लायलपुर जिले में एक मुरब्बा भूमि आबंटित करायी गयी थी। इस कारण वे ऐसे समय में अपने से अलग होने के दर्द और दूर के दोस्तों और रिश्तेदारों के दिलों में उमड़ने वाले प्यार से भली-भांति परिचित थे। वे अक्सर भगत सिंह की भावनाओं को उनके स्थान पर रख कर महसूस करते थे और उनका दिल जीतने के लिए पत्र लिखते थे। उनके उत्साहवर्धक शब्दों से भगत सिंह का हृदय द्रवित हो गया।

जुलाई, 1918 के मध्य में भगत सिंह के दादा स. अर्जन सिंह का लिखा एक पत्र मिला, इसे पढ़ने के बाद वह अपने दादा को पढ़ाई में अपने प्रदर्शन के बारे में बताना चाहते थे, लेकिन समस्या यह थी कि उनकी फर्स्ट मिडिल क्लास (छठी कक्षा) की परीक्षा का परिणाम नहीं आया था। 21 जुलाई को जब उन्हें अपने कुछ पेपरों के नतीजे मिले, तो अगले ही दिन वे पत्र के माध्यम से दादाजी को यह खुशखबरी देने बैठ गये। उनका पत्र इस प्रकार थाः

प्रिय दादाजी, नमस्कार

प्रार्थना पत्र यह है कि आपका पत्र मुझे मिला, उसे पढ़ कर मन प्रसन्न हो गया। परीक्षा (परिणाम) की बात यह है कि हम आपको पहले नहीं लिख सके, क्योंकि हमें सूचित नहीं किया गया था। अब हमें अंग्रेजी और संस्कृत का रिजल्ट बताया गया है। मैं इनमें पास हो गया हूं।

मुझे संस्कृत में 150 में से 110 अंक मिले। अंग्रेजी में 150 में से 68 अंक हैं। जो 150 में से 50 अंक प्राप्त करता है उत्तीर्ण होता है। मैं 68 अंक के साथ पास हो गया हूं। किसी बात की चिंता मत करो। बाकी नतीजे अभी घोषित नहीं हुए हैं। 8 अगस्त को पहली छुट्टी होगी। आप कब आ रहे हैं। लिखने का कष्ट करें। आपका अपना-भगत सिंह, फर्स्ट मिडिल क्लास।

पत्र के पाठ से स्पष्ट है कि बाल भगत सिंह की प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में होने के बावजूद वे तेजी से नये विषयों में महारत हासिल कर रहे थे। उन्होंने इस साल पहली बार अंग्रेजी और संस्कृत विषयों की पढ़ाई की, जिसमें वे अपने प्रदर्शन से खुश थे। उनकी मेहनत रंग लायी थी और वह जल्द से जल्द इस सफलता का श्रेय अपने दादा को देना चाहते थे। उन्हें आशा थी कि जब यह पत्र दादाजी को मिलेगा, तो उन्हें बहुत दुख होगा। क्योंकि उनके दादाजी को हमेशा यह चिंता सताती रहती थी कि कहीं बाल भगत सिंह शहर जाकर उदास न हो जाये, कहीं उनका मन पढ़ाई से न हट जाये। इसलिए अपने आधे-अधूरे लेकिन अच्छे परिणाम की खबर के साथ, वह दादाजी को बिल्कुल चिंता न करने के लिए लिखना नहीं भूले थे।

भगत सिंह द्वारा अपने दादाजी को लिखा गया यह खूबसूरत पत्र दादा-पोते के पवित्र पारिवारिक रिश्ते को गर्मजोशी और स्नेह से भरकर हरा-भरा, रोचक और आकर्षक बनाये रखने का एक उत्कृष्ट प्रयास है।

## कोल्हान की खबरें

# मंत्री संजय यादव ने दो दिवसीय कोल्हान प्रमंडल स्तरीय महोत्सव का किया उद्घाटन

## 50 से अधिक वित्त पोषित इकाइयों की लगी प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत दो दिवसीय कोल्हान प्रमंडल स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य आथिति झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, झारखंड उद्योग सचिव अरवा राजकमल, डीसी सरायकेला खरसांवा रविशंकर शुक्ला, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, डीसी पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, डीएम डीआईसी




रविशंकर प्रसाद सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों से 50 से अधिक वित्त पोषित इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी में डेयरी प्रसंस्करण, मिलेट्स (रागी), मशरूम, अनाज प्रसंस्करण, खाद्य प्रसंस्करण एवं सीड कैपिटल से संबंधित उत्पादों के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी और उपकरणों का प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। साथ ही उद्यमियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का मुख्य उद्देश्य असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को सशक्त बनाना और स्थानीय स्तर पर खाद्य उत्पादन, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया इस योजना के तहत व्यक्तिगत उद्यमियों को परियोजना लागत के 35% तक का पूंजीगत अनुदान दिया जाता है।किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों एवं स्वयं सहायता समूहों को परियोजना लागत का 35% तक अनुदान मिलता है। एसएचजी सदस्यों को वर्किंग कैपिटल और उपकरण खरीदने के लिए 40,000 हजार प्रति सदस्य की सहायता दी जाती है। मंत्री ने राज्यवासियों से अपील की वे स्थानीय स्तर पर खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा दें। मंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में झारखंड फूड प्रोसेसिंग उद्योग का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। जिससे स्थानीय किसानों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों को बड़ा फायदा होगा।

# आजसू पार्टी ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने शहीद चौक जुगसलाई में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि शहीदों के सपनों का सम्मान जरूरी है। लेकिन सरकार उन्हें उचित सम्मान नहीं दे रही है। उन्होंने शहीद भगत सिंह चौकों की साफ-सफाई, रंगरोगन और उनकी शौर्य गाथा अंकित करने की मांग की। मौके पर अप्पू तिवारी, संतोष सिंह, ललन झा, अरूप मल्लिक, तनवीर आलम, सुधीर सिंह, ललित सिंह, मोहम्मद मुनीर आलम, अभिजीत सरकार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# 'नमन' की अखंड तिरंगा यात्रा बनी देशभक्ति की मिसाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में 'नमन' संस्था द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को एग्रिको स्थित ट्रांस्पोट मैदान से निकली अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस अवसर पर शहर के 119 स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा में हर जाती, धर्म, वर्ग और समाज की व्यापक भागीदारी रही।




विधायक सरयू राय ने कहा कि नमन संस्था का यह प्रयास युवाओं को बलिदानियों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। वहीं सांसद विद्युत महतो ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र की अखंडता और समरसता की मिसाल है। 'नमन' के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह यात्रा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ युवाओं को उनके विचारों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। मौके पर विधायक सरयू राय, सांसद विद्युत वरण महतो, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव टुन्नू चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचु, राकेश्वर पांडेय,चंद्रगुप्त सिंह, विजय खा सहित भाजपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेतागण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यात्रा के समापन पर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और इस ऐतिहासिक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# भगत सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए होगा इंकलाब : सतनाम सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के सदस्यों ने सतनाम सिंह गंभीर के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह के 94वें शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि उनकी संस्था भगत सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए अब संघर्ष नहीं, बल्कि इंकलाब करेगी। उन्होंने 23 मार्च को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने और विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। मौके पर परमजीत सिंह केल, जोगिंदर सिंह सोनू, मनजीत सिंह गिल, परविंदर सिंह, मनमीत लूथरा, सुखविंदर सिंह साबी, मनदीप सिंह, इंद्रपाल सिंह भाटिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

# झामुमो प्रखंड सम्मेलन संपन्न, पटमदा में अश्विनी महतो और बोड़ाम में दीपंकर महतो बने अध्यक्ष



**पटमदा (आजाद सिपाही)। बोड़ाम के चिरूडीह सामुदायिक भवन और पटमदा के बिड़रा ग्राम संसद भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के अध्यक्षता में प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में चुनाव प्रक्रिया झामुमो जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी और अन्य पर्यवेक्षकों की देखरेख में पूरी की गयी। मौके पर सर्वसम्मति से पटमदा में अश्विनी महतो (अध्यक्ष), शंकर मांडी (सचिव) और हरिहर सिंह (कोषाध्यक्ष) चुने गए।जबकि बोड़ाम में दीपंकर महतो (अध्यक्ष), छुटुलाल हांसदा (सचिव) और काजल सिंह (कोषाध्यक्ष) बनाया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत माला पहनाकर किया गया। हालांकि कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर असंतोष भी जताया। लेकिन कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।सम्मेलन के दौरान पटमदा में चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, उज्ज्वल दास, आनंदमय महतो, गोपाल महतो, जीतूलाल मुर्मू, संजय सिंह, सुजीत महतो सहित कई झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं बोड़ाम में माणिक महतो, रूपनारायण मोदक, विनय मंडल, सुकुमार बेसरा, शिवशंकर महतो, आदित्य कुंभकार, कृष्णपद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# टाटानगर रेल सिविल डिफेंस ने डबलथॉन कार्यक्रम में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस ने शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। रविवार को आयोजित डबलथॉन कार्यक्रम में शहर के युवाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल, सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार, अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी पूर्णिमा महतो सहित आयोजक समिति के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं सभी ने



युवाओं का हौसला अफजाई की। मौके पर दोराबजी पार्क से दो किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता कीनन स्टेडियम मुख्य मार्ग, जुबली पार्क गेट होते हुए पुनः दोराबजी पार्क में संपन्न किया गया। डबलथॉन में साइकिलिंग और दौड़ प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागियों का जोश देखने को मिला। मौके पर दौड़ और साइकिलिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार, जवान अनिल कुमार सिंह, कल्याण कुमार साहू, शंकर प्रसाद, विनोद कुमार, अमित, वीरेंद्र, गीता कुमारी, तेजिता कुमारी, सरस्वती मुर्मू, अनामिका मंडल, संजय, गुलशन, बलीराम गांडील महतो, जय हो संगठन के सदस्य सहित बड़ी संख्या में शहर के बच्चे, युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# मंत्री दीपक बिरुआ के बयान पर भाजपा में रोष, माफी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ द्वारा विधानसभा में 86 बस्तियों के गरीब, दलित, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों को 'अतिक्रमणकारी' कहे जाने पर भाजपा ने कड़ी निंदा की। भाजपा ने इसे झामुमो-कांग्रेस सरकार का दोहरा चरित्र और जनविरोधी मानसिकता करार दिया। रविवार को बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में भाजपा के सात मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार अपने वादे से मुकरती रही, तो भाजपा



बस्तीवासियों के साथ सड़कों पर उतरेगी। भाजपा ने मांग की कि मंत्री दीपक बिरुआ अपने बयान पर माफी मांगे और सरकार 86 बस्तियों के लोगों को मालिकाना हक देने की आधिकारिक घोषणा करे। मौके पर बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, टेल्को मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन साहू, साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

## परिजनों ने डंडई अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई सीमावर्ती क्षेत्र में पनघटवा डैम के पास शनिवार देर शाम ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में रारो गांव निवासी छोटू पासवान (20 वर्ष), पिता अवधेश पासवान, गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं, बाइक पर सवार दो अन्य युवक–हरिओम गुप्ता (19 वर्ष), पिता संजय साव, और मिथुन गुप्ता (21 वर्ष), पिता प्रभु साव–गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मिथुन गुप्ता की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।


मृतक छोटू पासवान का फाइल फोटो।



बताया जाता है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर पनघटवा डैम की ओर घूमने निकले थे। डैम के पास अचानक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटू पासवान की हालत घटनास्थल पर ही बिगड़ने लगी। राहगीरों की मदद से छोटू पासवान को तत्काल डंडई अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। परिजन उसे गढ़वा ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। वहीं ट्रैक्टर डंडई थाना क्षेत्र के बौलिया गांव का बताया जा रहा है जो कनहर नदी से बालू लाने के लिए जा रहा था। इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

**परिजनों का आरोप और जांच में जुटी पुलिस :** मृतक के परिजनों का आरोप है कि अगर डंडई अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद होता तो छोटू को प्राथमिक उपचार मिल सकता था और शायद उसकी जान बच जाती। वहीं, पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी मुकदमा के लिए आश्रित महिला का किया गया इस्तेमाल : धीरज



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के लिए परित्यक्ता (जिसको पति ने छोड़ दिया हो) महिला जिनकी उम्र लगभग 60 वर्ष होगी और मायके में रहकर भाई-भतीजे पर आश्रित है, उनका इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से पता चला कि परित्यक्ता महिला का भतीजा एक राष्ट्रीय पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता है तथा भोजन और भरण-पोषण के बदले महिला पर दबाव बनाकर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस षड्यंत्र के पीछे कुछ बड़े राजनीतिक लोगों का हाथ होने की पुष्टि हो रही है। बहुत जल्द न्यायालय के माध्यम से शिकायतकर्ता के परिवार का मोबाइल का सीडीआर निकलवाकर मुख्य षड्यंत्रकारी का पदार्फाश होगा। अनुसंधान के दौरान खुद को निर्दोष साबित करने हेतु रिकॉर्डिंग सहित पर्याप्त सबूत होने की बात कही।

# एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार दोपहर में सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक हरेन चंद्र मेहता की अनुपस्थिति में प्रभारी उपाधीक्षक की खोज की तो जानकारी मिली कि वे भी अस्पताल से अनुपस्थित हैं। इस पर उन्होंने फोन कर प्रभारी डॉ नौशाद से एक पोस्टमार्टम मामले को लेकर उत्पन्न हुयी विधि व्यवस्था संबंधी अवांछनीय स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने डॉ नौशाद को डीएस की अनुपस्थिति तक कार्यालय समय में अस्पताल में ही रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। तदुपरांत उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया।



**ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित :** इसी क्रम में संजय कुमार ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड डोनेशन कैंप पहुंचे रक्तदाताओं को सम्मानित किया साथ ही ब्लड बैंक प्रभारी तथा काउंसलर की कार्य-प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन माह में सदर अस्पताल के ब्लडबैंक की स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। अब हर समय ब्लड बैंक में मांग से अधिक रक्त उपलब्ध रहता है। इसके लिए उन्होंने गढ़वा के रक्तदाताओं का साधुवाद दिया। उन्होंने रक्तदाताओं को ब्लड बैंक से जारी प्रमाणपत्र अपने हाथों से प्रदान कर उनके इस योगदान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## झामुमो : मझिगावां में पंचायत कमेटी का गठन



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। झामुमो पार्टी के जिला कमिटी गढ़वा के द्वारा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मझिगावां पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन रविवार को किया गया। इस संबंध में पार्टी के वरिष्ट नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने बताया कि मझिगावां पंचायत के प्रभारी रामेश्वर रजवार के द्वारा झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक किया गया। जिसमें जिला के द्वारा निर्देशित 31 सदस्यों की कमिटी बनाई गई, बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सोबरन राम, हरिनारायण यादव, अरुण पासवान, सचिव शिवकुमार राम, कोषाध्यक्ष लालू यादव, सहित कई सदस्यों का गठन किया गया। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा ने कार्यकताओं को बताते हुए कहा कि हमारी कमिटी सर्वसम्मति से मुझे अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया है। पार्टी के क्रियाकलापों को अपने पंचायत के गांव सहित टोले में घर घर पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर सभापति युगल किशोर चौबे,शैलेश चौबे, राजकुमार रजक, धर्मेंद्र शर्मा, सुदामा साह, प्रसाद रजवार, सुरेश राम, संजू पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गढ़वा जिला पाल महासंघ का किया गया पुर्नगठन

# एक सक्षम नेतृत्व ही पाल समाज को पूर्ण रूप से सशक्त बना सकता है : सुधीर पाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा जिला पाल महासंघ के कार्यालय में जिला पाल महासंघ का पुनर्गठन किया गया। उक्त अवसर पर संपूर्ण गढ़वा जिला के विभिन्न गांवों से पाल समाज के अग्रणी लोग उपस्थित हुए। चुनाव का कार्य पर्यवेक्षक पारसनाथ पाल, सुखबीर पाल और संगठन मंत्री विश्वनाथ पाल के देख-रेख में सुसंपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारसनाथ पाल ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार पाल ने किया। उक्त अवसर पर पाल समाज के विकास के लिए एक सशक्त टीम बनाने हेतु उपस्थित लोगों ने काफी विचार- विमर्श किया। उसके पश्चात सर्वसम्मति से निम्न पदों पर निम्नांकित व्यक्तियों का चयन किया गया। जिसमें सुधीर कुमार पाल को अध्यक्ष, **उपाध्यक्ष-** रामाधार पाल, सत्येंद्र पल और रामेश्वर पाल, **सचिव-** रमेश प्रसाद पाल और **उपसचिव** - बुद्धदेव पाल, अजय पाल और सत्यम राज पाल, **कोषाध्यक्ष -** सुरेंद्र पाल और **उपकोषाध्यक्ष -** विवेकानंद पाल, **मीडिया प्रभारी** जितेंद्र कुमार पाल, प्रवक्ता रामनाथ पाल, **कानूनी सलाहकार** विनोद पाल और विजय पाल बनाये गये। संगठन के पुर्नगठन के पश्चात पुनः अध्यक्ष का पदभार की जवाबदेही प्रदान करने के लिए पाल महासंघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया और अपना विचार रखते हुए कहा कि राज्य स्तर पर पाल महासंघ का एक सक्षम नेतृत्व ही हमारे समाज के समस्याओं के समाधान में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पाल समाज के अभिभावक पारसनाथ पाल ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें एक सोच के साथ सही दिशा में कदम बढ़ाना होगा।



# 'कॉफी विद एसडीएम': इस सप्ताह रामनवमी अखाड़ा समितियों से होगा संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संचालित रामनवमी अखाड़ा समितियों को अपने यहां कॉफी पर सादर आमंत्रित किया है। संजय कुमार ने कहा कि आगामी बुधवार 26 मार्च को गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों की अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष या महासचिव में से कोई एक उनके यहां सादर आमंत्रित है। अखाड़ा समितियां चाहें तो वे अपने किसी अन्य पदधारी को भी नामित करके कार्यक्रम में भेज सकते हैं।



उन्होंने कहा कि रामनवमी का पावन पर्व सन्निकट है, इसलिए पर्व को सामाजिक सद्भाव और शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाने के उद्देश्य से सभी समितियों से आवश्यक संवाद कर उनसे फीडबैक लिया जायेगा कि उन्हें प्रशासनिक स्तर से क्या क्या अपेक्षाएं हैं, साथ ही विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं। इन्हीं सब विषयों पर मैत्रीपूर्ण और अनौपचारिक माहौल में उनसे सहभागी संवाद होगा। इस एक घंटे के दौरान न केवल वे अपनी बात प्रशासन एवं आमजन तक पहुंचा सकेंगे, बल्कि प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं इसे भी एक अच्छे माहौल में संवाद के माध्यम से जान सकेंगे।

अखाड़ा समितियों से जुड़े लोगों को प्रशासन से क्या शिकायतें या अपेक्षाएं हैं यह जानने का प्रयास तो किया ही जायेगा, साथ ही उनसे गढ़वा की बेहतरी के लिए रचनात्मक सुझाव भी आमंत्रित किये जायेंगे, उनके व्यवहारिक सुझावों पर अमल करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक पहल की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल क्षेत्र की रामनवमी अखाड़ा समितियों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु बुधवार 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय अवश्य पधारें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रोजगार सेवक घायल



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत के रोजगार सेवक दया शंकर सिंह एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। बताते चलें कि रोजगार सेवक दया शंकर सिंह शनिवार को रात्रि -8:00 बजे के लगभग में पंचायत मुख्यालय कटरा से अपने निवास स्थान गढ़वा मोटरसाइकिल से जा रहे थे। उसी क्रम में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया, जिससे वे गिर कर घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस मौके पर कटरा पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार गुप्ता, कंचनपुर पंचायत के रोजगार सेवक शशि कुमार सोनी, सोनदाग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता, आपरेटर सोनू तिवारी सहित पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में लगभग चार दर्जन बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों को हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने का शख्त हिदायत दिया गया। साथ ही थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने भविष्य में बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चलाने पर दंडनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ 30 से



मेराल। मेराल प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में चैत्र महोत्सव को लेकर मंदिर संचालन समिति की बैठक संजय भगत की अध्यक्षता में हुई, जिसमें समिति के पदाधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 30 मार्च की सुबह 8:00 बजे शोभा यात्रा सह कलश यात्रा तथा नवाह्न परायण महायज्ञ में मंडप प्रवेश से होगा, एकम से नवमी तिथि 6 अप्रैल तक स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और 7 अप्रैल की रात्रि 9:00 बजे से भोजपुरी सिनेमा जगत के उभरते स्टार आर्यन बाबू एवं सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका खुशबू शर्मा एवं दोनों की टीम द्वारा भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रसाद, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, प्रमोद महाजन, महेंद्र प्रसाद मुखिया पति मुन्ना राम सहित कई लोग शामिल थे।

## नवसाक्षरों की जांच परीक्षा संपन्न

कांडी (आजाद सिपाही)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड के सभी 16 पंचायतों में रविवार को नवसाक्षरों का जांच परीक्षा संपन्न हुआ। प्रखंड कॉर्डिनेटर हरिहर राम ने जांच परीक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि प्रखण्ड का कुल लक्ष्य 2336 था जबकि 2200 का पंजीयन किया गया था। वहीं रविवार की जांच परीक्षा 1980 परीक्षार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय कांडी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह, उत्क्रमित माध्यमिक बुनियादी सेमौरा सहित 16 केन्द्रों पर जांच परीक्षा संपन्न हुआ । राम पवन राम, रानी देवी, अशोक मिश्रा, रेणु देवी, राम चंद्र राम प्रेरक के रूप में उपस्थित थे। उधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा केंद्र के केंद्राधीक्षक मोहम्मद गुलाम कादिर ने बताया कि इस केंद्र पर निर्धारित समय सीमा के अंदर एक भी परीक्षार्थी नहीं आये साथ ही प्रेरक भी केंद्र तक नही पहुंचे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद मैं विभाग को उपस्थिति शून्य कर खैरियत रिपोर्ट भेज दिया हूं।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 30 से

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मारुति नंदन सोनी ने कहा कि यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 30 मार्च 2025 को भव्य उद्घाटन किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए क्रिकेट टीम के लिए एंट्री फी 2100 रुपये निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21000 रुपये की पुरस्कार राशि और एक चमचमाती बड़ी ट्रॉफी दी जायेगी। इसके अलावा, टूर्नामेंट के दौरान विशेष पुरस्कार भी दिये जायेंगे।

## हरिहरपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा

# हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता में आने के बाद चुनावी वादों को नहीं किया पूरा

आजाद सिपाही संवादाता

**हरिहरपुर।** हरिहरपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी के आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यकर्ताओं ने झारखंड की हेमंत सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार ने विधानसभा चुनाव में झूठे वादे कर युवाओं, महिलाओं और किसानों का वोट हासिल किया, लेकिन सत्ता में आने के बाद सभी वादों से पलट गयी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान भवनाथपुर विधानसभा में पावर प्लांट चालू करने का वादा किया गया था, जिससे युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। लेकिन सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस वादे को ठुकरा दिया। नेताओं ने बताया कि भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव ने पावर प्लांट की मांग उठायी थी, लेकिन झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ने इसे खारिज कर दिया। इससे क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को गहरा झटका लगा है। भाजपा नेताओं ने सरकार पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और अफसरशाही को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वंशीधर महोत्सव जैसे सनातन आस्था के केंद्र को व्यक्तिगत महोत्सव बना दिया गया, जहां अश्लील संगीत कार्यक्रम कराकर हजारों सनातनियों की आस्था से खिलवाड़ किया गया। इससे सनातनी समाज में भारी रोष है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि पार्टी निकम्मी झारखंड सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, कांडी मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, महामंत्री संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, भाजपा नेता विनोद प्रसाद, ईश्वरी मेहता, दामोदर मेहता, लछुमन, अरुण दुबे सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।




# कल से 01 अप्रैल तक भर्ती शिविर का आयोजन

## एसआइएस ने बेरोजगारों को रोजगार के लिए दिया सुनहरा मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर अनुमंडल के दसवीं पास शिक्षित बेरोजगार के एसआईएस केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र बेलचंपा रेहला ने सुनहरा मौका दिया है। काउंसिल ऑफ इंडिया एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा बंशीधर नगर अनुमंडल में समय निर्धारित किया हैं, जो निम्नलिखित स्थानों पर 25 मार्च 2025 से 1 अप्रैल 2025 तक SIS भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 100 सुरक्षा जवान 20 सुरक्षा सुपरवाइजर और 10 कैश कस्टडियन का चयन किया जायेगा जिसमें सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिसमें पीटी ड्रिल औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर बैंक, सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर सिधी भर्ती के लिए एक समय का खाका तैयार किया है। सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ सुरक्षा जवान की उम्र 18 से 40 वर्ष, ऊंचाई 160/167.5 CM से ऊपर होना चाहिए। सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 170 CM और वजन 56 किलोग्राम अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए रांची जिला के युवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। गढ़वा जिला के प्रखंड परिसरों में दिनांक 25/3/2025 रमना प्रखंड परिसर, 26/3/025 धुरकी प्रखंड परिसर, 27/3/025 सगमा प्रखंड परिसर, 28/3/025 बंशीधर नगर प्रखंड परिसर, 20/3/025 भवनाथपुर प्रखंड परिसर, 31/3/025 करौंदी प्रखंड परिसर, 1/3/025 केतार प्रखंड परिसर मे शारीरिक मापदंड और लिखित परीक्षा लिया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड जो आईएसओ 2008 मानव विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।



भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन विधवा पेंशन बोनस ग्रेविटी ग्रुप इंश्योरेंस मेडिकल आवास और दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। 9905930378 संपर्क नंबर अंकित हैं।

# लक्ष्य के बावजूद अबुआ आवास के लाभ से वंचित हैं लोवादाग के ग्रामीण

**पंचायत सचिवालय में आयोजित आम सभा में ग्रामीणों ने किया हंगामा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के लोवादाग पंचायत सचिवालय में मुखिया जसीमा बीवी की अध्यक्षता में आवास योजना को लेकर बैठक किया गया। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में मुखिया के द्वारा पंचायत में पीएम आवास प्लस सर्वे के 1200 लक्ष्य तथा अबुआ आवास के 536 लक्ष्य के बारे में पढ़ कर सुनाया गया। उपस्थित अबुआ आवास के लाभुक राजेंद्र राम पिता राम परिखा राम, राकेश कुमार पिता नरेश राम, नसीम अंसारी, सोनिया बीबी, शरिफन बीबी, सुनीता देवी, सैमून बीबी, रीना कुमारी, पूजा देवी, रीना देवी सहित कई लाभूक शोरगुल करने लगे। लोगों का आरोप है कि अबुवा आवास योजना का राशि अभी तक हम लोगों के खाते में नहीं आया है। विगत कई महीनों से हमलोग पंचायत से लेकर प्रखंड तक दौड़ लगा रहे हैं, लेकिन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत सेवक से सिर्फ आश्वासन मिलता है। लोगों का आरोप है कि जहां सरकार एक तरफ सभी गरीबों को पक्का मकान देने का घोषणा कर लोवावादाग पंचायत में 536 अबूवा आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण हमलोग अबुआ आवास के लाभ से अभी तक वंचित हैं। बैठक में पंचायत सेविका राधा कुमारी, रोजगार सेवक मन्जय तिवारी, उप मुखिया नबीज अंसारी, वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी सहित काफी संख्या में लोग थे।

इस संबंध में पूछने पर मुखिया जसीमा बीवी द्वारा बताया गया कि पंचायत में 536 अबुआ आवास का लक्ष्य मिला है। जिसमें मात्र 164 लाभुकों के खाते में अभी तक पैसा आया है। पंचायत सेविका राधा कुमारी के द्वारा गंभीरता से काम नहीं करने के कारण पंचायत के अधिकांश लोग अबुआ आवास से अभी तक वंचित हैं। इसी तरह पीएम आवास प्लस सर्वे का पंचायत में 1200 लक्ष्य मिला है। लेकिन अब तक सर्वे कर जिओ टैगिंग करने के लिए 7 दिन का ही समय बचा है।

## डोल जतरा से लौट रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य सड़क के पझरी गांव के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में तीन डांसर घायल हो गए। इनमें से एक को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह भौरो डोल जतरा से कार्यक्रम कर महशूर डांसर तमन्ना सिंह, कृति कुमारी 16 वर्ष पिता सुरेन्द्र उरांव व सीता कुमारी 14 वर्ष पिता स्व विनोद राम ग्राम मनिका जिला लातेहार अपनी कार से रांची लौट रहे थे. इस बीच रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना मे तीनो डांसर बुरी तरह घायल हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा इलाज के लिए लाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने सभी घायलों का इलाज प्रारंभ



किया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल डांसर कृति कुमारी को चिकित्सको ने लोहरदगा सदर रेफर कर दिया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि कृति कुमारी के कंधों पर तथा पैर में चोट को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। मामले को लेकर भंडरा पुलिस छानबीन में जुट गई है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि डांसर तमन्ना सिंह शराब के नशे मे काफी तेज गति से गाड़ी चला रही थी। जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। दुर्घटना के बाद कार से काफी मात्रा मे बियर की बोतल मिली है।

## भगत सिंह के शहादत दिवस पर भाकपा ने निकाला संकल्प मार्च

**अप्रैल में होने वाले राज्य सम्मेलन में 10,000 नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा**

आजाद सिपाही संाददाता

**बरवाडीह।** महानायक शहीदे-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर 23 मार्च 2025 को भाकपा (माले) का एक दिवसीय प्रखंड सम्मेलन समुदायक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुराना मिडिल स्कूल के मैदान से एक संकल्प मार्च के साथ हुई। मार्च में ह्लभगत सिंह तेरे अरमानों को मंज़िल तक पहुंचायेंगे, भाजपा हटाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ, लूट के खिलाफ संघर्ष तेज करो और पेसा कानून लागू करोह्व जैसे बुलंद नारे गूंजते रहे।

मार्च के दौरान शहीदे-आजम भगत सिंह, भीमराव अंबेडकर,




और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लिया गया। समुदायक भवन में सभी शहीदों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी, जिसके बाद सम्मेलन की विधिवत शुरूआत हुई।

प्रखंड सचिव का चुनाव और बहस में प्रमुख मुद्दे सम्मेलन के दौरान पार्टी की पूर्व समीक्षा रिपोर्ट प्रखंड के पूर्व सचिव कृष्णा सिंह द्वारा प्रस्तुत की गयी। पांच सदस्यीय संचालन कमेटी का गठन किया गया, जिसका संचालन कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने किया। सम्मेलन में बरवाडीह में व्याप्त भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं में लूट पर गहन बहस हुई और संघर्ष को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर माले के जिला सचिव बिरजू राम, मनिका प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह, और पर्यवेक्षक के रूप में महुआडाड प्रखंड सचिव बेंजामिन कुजूर मौजूद रहे। जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि बरवाडीह से लेकर लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में सम्मेलन आयोजित कर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। उन्होंने अप्रैल में होने वाले राज्य सम्मेलन को सफल बनाने और जिले में 10,000 नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा।

**नई प्रखंड कमेटी का गठन**

सम्मेलन के अंत में 15 सदस्यीय नई प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह खरवार, सह-सचिव कॉमरेड कृष्णा सिंह चेरो, सदस्य कमलेश सिंह, सुदर्शन राम, किशुन सिंह, लुरुक सिंह, घनश्याम राम, मंजू देवी, सुदामा राम, नंदलाल सिंह, फरांसीस गुड़िया, महेशी सिंह, मुंसी राम, और रविंद्र प्रसाद शामिल थे।

## शहादत दिवस के अवसर पर दैनिक मजदूर यूनियन ने भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में शहादत दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अनिल कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम शहीद-ए-आजम भगत सिंह की तस्वीर पर बारी-बारी से सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया बैठक को संबोधित करते हुए दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्म एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार में पंजाब प्रांत में हुआ था। भगत सिंह का जीवन साहस देश भक्ति और बलिदान की मिसाल है। उनके विचार आज भी युवाओं को न केवल संघर्ष के लिए प्रेरणा देते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत देते हैं। जलियांवाला बाग कांड जो अंग्रेजों के द्वारा किया गया एक बड़ा नरसंहार था, इस कांड ने भगत सिंह के सोच पर गहरा प्रभाव डाला और भगत सिंह कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर आजादी के लिए संघर्ष में उतर गये। अंग्रेजी हुकूमत को पार्लियामेंट में बम कांड को अंजाम दिये। उनका मकसद सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत को यह संदेश देना था की अंग्रेजों अब भारत छोड़ो महज 23 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी दे दी गयी। भगत सिंह के साथ-साथ राजगुरु और सुखदेव सिंह को फांसी दे दी गयी। बैठक में अलाउद्दीन पप्पू, धनेश्वर टूरी, भोला नायक, राजेंद्र टूरी, रिंकू नायक, विनोद अग्रवाल, बुधराम टोपनो, जीतू गंजू आदि उपस्थित थे।

## गारू प्रखंड पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने कृष्णा प्रसाद



**गारू (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी वन क्षेत्र के मारोमाड वन विश्रामगर में प्रखंड के पत्रकारों की बैठक रंजीत कुमार अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गारू प्रखंड पत्रकार संघ का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता को बनाया गया, इसके अलावा उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, सचिव आलोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गोपी कुमार सिंह बनाये गये। बैठक में आदर्श कुमार, चंचल कुमार सिंह, निरंजन कुमार, राहुल कुमार, पंकज यादव सदस्य बने। बैठक में संघ के अध्यक्ष श्री गुप्ता ने रचनात्मक और सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देने की बात कही ताकि पत्रकारिता के माध्यम से गरीब एवं पिछड़े लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने पत्रकारों में आपसी समन्वय एवं एक दूसरे को परस्पर सहयोग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक सम्पन्न किया गया।

## किसानों को जल्द मिलेगा फसल के नुकसान का मुआवजा : रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विगत दो दिनों से पश्चिमी विच्छोभ चक्रवात से झारखंड में मूसलाधार बारिश वज्रपात एवं ओलावृष्टि हुई जिसमें लोहरदगा जिला भी काफी प्रभावित हुआ, जिसमें कई कृषकों के फसल नष्ट हो गया और उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ा। इसके साथ-साथ कई आवास क्षतिग्रस्त हो गये इस पर त्वरित पहल करते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात कर किसान भाइयों की फसल नुकसान के मुआवजे के लिए निर्देश दिया और कहा कि जल्द आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से किसान भाइयों को फसल का मुआवजा उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके लिए एक कमिटी तैयार की जायेगी



जिसके द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तेजी से कार्य किया जायेगा, उन्होंने कहा कि अचानक प्राकृतिक आपदा से कृषकों एवं ग्रामीण भाइयों बहनों को काफी नुकसान हुआ है कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए है एवं ज्यादातर लोग कृषि कार्य कर जीवन यापन करते है। कई लोग उधार लेकर कृषि कार्य करते हैं और ऐसे में मैं उनकी सहायता करना हमारा फर्ज. है।

## शहादत दिवस पर भगत सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 95वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा भगत सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर समिति के जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा देश के लिए भगत सिंह के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता ' 23 मार्च 1931 को भगत सिंह को उनके दो अन्य साथियों सुखदेव व राजगुरु इन तीनों क्रांतिकारियों को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दी थी। भगत सिंह आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा आज के समय में लोग दूसरों के घरों में भगत सिंह ढूंढने का प्रयास करते हैं समय के साथ लोगों की सोच और मानसिकता बदलनी होगी, खुद भगत सिंह बने दूसरों के घरों में उन्हें ना ढूंढे।

## बाइक लूटकांड का आरोपी रांची से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में 29 सितंबर 2024 को हुई बाइक लूट की घटना में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धडधड़ी नदी के पास मगरा के पूर्व मुखिया सूरज देव सिंह के दामाद और जयनाथ सिंह के पुत्र रंजीत कुमार सिंह से हुई बाइक लूटकांड में फरार चल रहे अभियुक्त रवि किशन सिंह को पुलिस ने रविवार को रांची से गिरफ्तार किया।जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मामले में पहले भी एक आरोपी पवन कुमार सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। उसकी निशानदेही पर लूटी गयी बाइक भी बरामद हुई थी। गिरफ्तारी के बाद



पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह ने रांची में छापेमारी कर आरोपी रवि किशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

## गारू में कृषि मेला सह प्रदर्शनी 26 को

**गारू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में समेटी सहायता योजना (आत्मा) अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 26 मार्च को किया गया है। इस आशय की जानकारी बीडीओ अभय कुमार ने दी है। बीडीओ ने प्रखंड के किसानों से अपनी उत्पाद आयोजित कृषि मेला प्रदर्शनी में लेकर शामिल होने का अपील किया है। उन्होंने सभी मुखिया व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में मांदर की थाप पर झूमे डीसी और एसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में गीत संगीत और नृत्य का आयोजन किया गया। वही सरहुल पूर्व संध्या में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा शामिल हो पुलिस जवानों के साथ मांदर की थाप पर झूमते नजर आये। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने महिला पुरुष पुलिस जवानों और आम जनों से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द के साथ सभी लोग मिलजुल कर अमन चैन से त्यौहार मनाये और सभी का धर्म तथा पर्व त्यौहारों का सम्मान करें। पर्व त्यौहार से ऐतिहासिक और सामाजिक कुछ सिख मिलता है। जिसे समाजिक जीवन मे अपनाने की आवश्यकता है। जिस तरह होली, ईद, दशहरा, रामनवमी, बकरीद, क्रिसमस का त्यौहार होता है। उसी तरह सरहुल भी एक त्यौहार है। जिसमे लोग प्रकृति का पूजन कर सरहुल मनाते हैं। वही पुलिस लाइन में महिला पुरुष पुलिस जवानों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ एक दूसरे पर रंग गुलाल लगा कर सरहुल पूर्व मनाया गया।

## सनातन हिंदू धर्म की कक्षा में लोगों में दिखा उत्साह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वैदिक विश्व मंगल न्यास द्वारा संचालित प्रत्येक रविवार को वैदिक लघु गुरुकुल में सनातन हिंदू धर्म के विषय में शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ हो गया है। डॉ अशोक आचार्य जी आज के कक्षा में वेद का परिचय, परमात्मा ने वेद के ज्ञान को सृष्टि तक कैसे पहुंचाएं, वेद में कितने मंत्र हैं, वेद की रचना कितने वर्ष पूर्व हुए थे, इन विषय पर विशेष चर्चा किया गया एवं जानकारी दी गई। सनातन धर्म का प्रारंभ कब हुआ, ईश्वर को वेद की रचना करने की क्यों आवश्यकता पड़ी, विद्यार्थी बहुत ही रुचि पूर्वक पढे.और जानने की इच्छा भी व्यक्त किये । जिसमें विकास कुमार, चंदन कुमार, किरण गुप्ता, दीक्षा कुमारी, नीरज आर्य, दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, अरुणा देवी, दिव्या कुमारी राजेश्वरी साहू, दीपा शेखर सभी उम्र के विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

## जय श्रीराम समिति के कार्यालय में भगवा ध्वज लगाकर नववर्ष कार्यक्रम की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के जिला कार्यालय हटिया गार्डन प्रांगण में नववर्ष कार्यक्रम की शुरूआत भगवा ध्वज लगाकर की गयी। इसके पूर्व सामूहिक रूप से पूजा करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने श्रीफल तोड़कर विधिवत शुरूआत की। इसके बाद सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक कर नववर्ष की भव्यता के लिए संरक्षक गण एवं पदाधिकारी तथा सदस्यगण के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए नव वर्ष विक्रम संवत 30 मार्च 2025 को लेकर रणनीति बनायी। नववर्ष की शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से भव्यता पूर्वक निकाली जायेगी। केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा और महामंत्री कपिलदेव



मिश्रा ने समस्त सनातन समाज से नववर्ष की शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। विपुल तमेड़ा ने कहा कि चैत माह हिंदुओं का पहला माह है और प्रथम माह की शुरूआत भव्य शोभायात्रा से होनी चाहिए। जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवा टोली, मिशन चौक, अपर बाजार, अमला टोली पावरगंज, साइडिंग, बाबामठ से पुनः पावरगंज न्यू रोड होते हुए ललित नारायण स्टेडियम में समाप्त होगी, जहां भव्य भंडारे का साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर समिति के संरक्षक सुषमा सिंह,परमेश्वर साहू, शैलेश कुमार महतो, राजेश महतो दुर्गा प्रसाद सोनी, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, विश्व हिंदू परिषद के रितेश साहू, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, महामंत्री कपिलदेव मिश्रा, अनिल उरांव, विनोद साहू समेत काफी संख्या में सनातनी समाज के लोग उपस्थित थे।

## माकपा ने शहीद दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में माकपा, लातेहार जिला कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू का 95वां शहादत दिवस अलौदिया में मनाया गया। माकपा ने इसे साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। सबसे पहले पार्टी के राज्य जिला सचिवमंडल सदस्य एवं प्रभारी सुखनाथ लोहरा और लातेहार जिला सचिव रसीद मियां सहित सभी जिला कमिटी सदस्यों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर फूल चढ़ा कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हुई संकल्प सभा की अध्यक्षता मनु उराँव ने किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए लातेहार जिला के प्रभारी सुखनाथ लोहरा ने कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथियों ने कम उम्र में ही ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ और शोषणमुक्त समाजवादी व्यवस्था के लक्ष्य को लेकर अपनी सर्वोच्च कुर्बानी दी। उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद साम्राज्यवाद का नाश हो, सर्वहारा जिंदाबाद, समाजवाद जिंदाबाद के नारे दिये थे जो जनता के बीच काफी लोकप्रिय हुए। उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर कॉ हरकिशन सिंह सुरजीत जैसे लाखों युवा आजादी की लड़ाई से जुड़े। इस अवसर पर जिला सचिव रसीद मियां, मनु उरांव, बैजनाथ ठाकुर, पंचु गंभू, कमल गंभू , सुरेंद्र सिंह, शोभन उरांव, ललन राम, दिनेश उरांव एवं अन्य लोग शामिल थे ।

## सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं जिला उद्यान विभाग लोहरदगा के सहयोग से सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक भवन भैसमुदों, भंडरा में समापन किया गया। युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के सचिव बालकृष्ण सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया साथ ही प्रशिक्षण की महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी और आत्मनिर्भर बन सकेगी। आज लोग ज्यादा नौकरी पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो नौकरी छोड़ व्यवसाय में जुड़ रहे हैं ऐसे में गांव में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ना निश्चित तौर पर स्वालंबन की ओर आगे बढ़ाना है। परमेश्वर महली ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके बाद सरकार के द्वारा समूह चलाने के लिए कार्यशील पूंजी दिया जाएगा। जब समूह तैयार हो जाए उसके बाद व्यवसाय हेतु बैंक से जोड़कर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करने में विभाग से आगे सहयोग किया जायेगा। मधुमक्खी पालन शुरू होने के बाद बाजार के भी व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जायेगा।

## विधायक ने सदन में चंदवा के जगराहा डैम के जीर्णोद्धार की मांग उठायी

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले की ह्रदयस्थली कहे जाने वाली चंदवा प्रखंड जिसके शहर का वाटर लाइफ लाइन कह जाने वाली जीवनदायनी जगराहा डैम के मामले को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने शनिवार विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान उठाते हुए डैम का सौंदर्यकरण, गहरीकरण और सफाई की मांग की है। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पिछले सात वर्षों से लगातार इसमें जलकुंभी उग रहे थे। डैम का आकार भी सिकुड़ रहा है। इसे तत्काल संरक्षित करने की आवश्यकता है। विधायक ने



विधानसभा सत्र में कहा कि डैम के लिए डेढ़ करोड़ रुपये का टेंडर भी हुआ था लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है।

**प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ा जगराहा डैम**

अब इसे प्रशासनिक उदासीनता ही कहें कि किसी भी प्रशासन के द्वारा अब तक इसमें किसी प्रकार की पहल नहीं की गयी। कुछ समय से उगे जलकुंभी अब ऐसा रूप ले लिया है जैसा मानो खेल का मैदान बन गया हो। प्रदूषण स्तर ऐसा बढ़ गया है कि डैम का पानी जहरीला हो गया है। जलीय जीव तड़प-तड़प कर मर गए। मछलियों का व्यपार करने वाले हाशिये में हैं। पशु भी इस पानी को पीने से कतरा रहे है। अधिकारी हैं कि आंख-कान बंद किये हैं। यह पहला मौका नहीं है जब नदी का पानी जहरीला हुआ है। पिछले 7-8 वर्षों से लगातार यही स्थिति है। अतिक्रमणकारियों के द्वारा पहले ही डैम की जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिन्हें अंचल कार्यालय के कई बाबुओं का आशीर्वाद प्राप्त था। हो हंगामा के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**क्या है कारण**

जगराहा डैम का अस्तित्व खतरे में मंडराने का सबसे बड़ा कारण है अतिक्रमण कार्यों के द्वारा जगराहा डैम के बड़े भू-भाग पर उनके द्वारा कब्जा कर लिया गया है। डैम वर्तमान में अपने वास्तविक आकार के विरुद्ध उसके आधे से भी कम रह गया है। जो डैम में पानी सालों भर रहता था उस डैम में पानी की जगह जलकुंभी दिख रहा है। शैवाल उगने की सबसे बड़ा वजह पानी का प्रदूषित होना है।

## रामनवमी मेला डांडू के अध्यक्ष बने योगेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में धूमधाम से रामवनमी का त्यौहार मनाने और मेला आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही रामनवमी पर्व पर लगने वाले मेला साज सज्जा तथा जुलूस भ्रमण और स्वागत व्यवस्था के लिये पूर्व कमिटी को भंग कर नया कमिटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से योगेंद्र मिश्रा को अध्यक्ष, रामशरण नायक को उपाध्यक्ष, गंगाधर नायक को सचिव और सूर्य भूषण मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया तथा सानू नायक,संतोष नायक, अनिल नायक, मोहन नायक,प्रमोद नायक बिनोद नायक, रोहन नायक को सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

# निर्दोष युवक की पिटाई का आरोप, एएसआइ निलंबित

## पिता की जगह देर रात थाने ले जाकर बेटे की थी पिटाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



एएसआइ राजेश बैठा।

**छतरपुर/पलामू।** पुलिस की निष्पक्षता और कानून व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पलामू एसपी ने छतरपुर थाना में पदस्थ एएसआई राजेश बैठा को निलंबित कर दिया है। उन पर एक निर्दोष युवक बलवंत कुमार को आधी रात को गिरफ्तार कर थाने में लेजाकर बुरी तरह पिटाई करने का आरोप है। इस कार्रवाई के बाद से आम जनता में कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास बढ़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कदम से संदेश गया है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। दूसरी ओर, एसपी की इस सख्त कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने एसपी के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी निष्पक्ष कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे पुलिस में सुधार होगा और जनता का भरोसा बना रहेगा।

### क्या है मामला

छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के करमाकला गांव के रहने वाले अजय कुमार के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। विगत 16 मार्च को देर रात जब पुलिस उसे पकड़ने उसके घर गयी तो वहां अजय नहीं मिला, लेकिन उनका बेटा बलवंत पुलिस के हत्थे चढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि बेगुनाह बलवंत को पुलिस यह कह कर जबरन साथ ले गयी कि थाने चलो तुम्हें अपने पिता की जगह जेल काटना पड़ेगा। इससे बचने के लिए 10 हजार रुपये देने पड़ेंगे। बात यहीं खत्म नहीं हुई। बलवंत बेकसूर होने की गुहार लगाता रहा, पर उसे थाने में लेजाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई थी। इसकी जानकारी परिजनों ने सुबह छतरपुर डीएसपी को दी थी। तब बलवंत को थाने से छोड़ा गया था। इसके बाद बलवंत का इलाज छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया था। इसके बाद बलवंत ने छतरपुर एसडीपीओ को आवेदन दे कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी।

## प्रतिशोध की भावना से लगाये गये हैं झूठे आरोप : सर्जुन राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदूई पंचायत के ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे आरोप झूठे और बेबुनियाद है। उक्त बातें प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) प्रभारी सर्जुन राम ने कही। वे रविवार को पत्रकारों से बातें कर रहे थे। आरोप की खबर अखबारों में छपने के बाद उन्होंने कहा कि तेंदूई के मुखिया पति अरविंद सिंह द्वारा ग्रामीणों से राशन कार्ड में नाम जोड़ने सहित रिश्वत मांगे जाने का आरोप बेबुनियाद है। यह मेरे प्रति प्रतिशोध की भावना लगाया गया झूठा आरोप है। जबकि बीते 18 मार्च 2025 को प्रखंड सभागार में बैठक के दौरान कुछ ब्लॉक कर्मियों के समक्ष मुखिया पति अरविंद सिंह ने सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हुए गाली ग्लौज के साथ जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था। इसके विरुद्ध 19 मार्च को पीपरा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। एमओ ने कहा कि शनिवार को प्रखंड परिसर में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को बरगला कर किराये के गाड़ी से लाया गया था। ग्रामीण खुद चल कर नहीं आये थे। बल्कि मुखिया पति पर केस किया गया है। उन्होंने प्रतिशोध लेने के लिए भोलेभाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर प्रखंड कार्यालय में बीज वितरण होने के नाम पर लाया था। आरोप लगाने वाले ग्रामीणों को हमने कभी देखा भी नहीं है। मैं सातों दिन उपलब्ध रहता हूं। मेरे स्तर की समस्या जिनकी भी रहती है त्वरित निदान करता हूं। सभी प्रतिनिधियों का सम्मान भी करता हूं। कहा कि पीडीएस दुकानदारों द्वारा प्रति यूनिट पर 500 ग्राम चावल काटे जाने और राशन कार्ड पर वजन में 3 से 5 किलोग्राम चावल कम पाए जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कभी नहीं की गई है। अगर शिकायत की जाती तो कार्रवाई निश्चित तौर पर होती।

## संत मरियम स्कूल में मनाया गया भगत सिंह का शहादत दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस मनाई गई। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अंग्रेजी सरकार भारतीय क्रांतिकारी नौजवानों से इतनी डरी-सहमी रहती थी कि 24 मार्च को दी जाने वाली फांसी को 23 मार्च को ही दे देना पड़ा। इस तरह भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु शहीद हो गए। उनके शवों को हवालात की पिछला दीवार तोड़कर ट्रक में लाद कर भागते हुए जलाना पड़ा। लेकिन आजादी के दीवानों की पैनी नजर से जेल के अपराधी बच नहीं सके और अधजली लाश को छोड़ कर भागना पड़ा। इस तरह से 23 मार्च क्रांतिकारियों के लिए इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं को भगत सिंह की जेल डायरी पढ़नी चाहिए। तब पता चलेगा वह कैसा भारत चाहते थे। उन्हें कुतुब ए हिंद कहा जाता था क्योंकि क्रांति के आधार स्तंभ थे। कहा जाता है कि वे किताब पढ़ते नहीं थे, बल्कि पीते थे। हिंदुस्तान के सामाजिक सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए आज के युवाओं को उनसे सीखना चाहिए। जब फांसी के फंदे चूमने जा रहे थे तब लेनिन की जीवनी को पढ़ रहे थे। पन्ना मोड़ कर हवा में पुस्तक को लहरा कर फांसी के फंदे को चूम लिए। पूछे जाने पर भगत सिंह ने कहा कि यहां से आने वाली युवा नस्लें पढ़ेंगीं। कहा कि वे पिस्टल-बंदूक के खिलाफ थे। हमेशा कहते थे क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होता है। बहरों को सुनाने के लिए एसेंबली के सेंट्रल हॉल में धमाका किए थे। शादी के सवाल पर माता विद्यावती को दो टूक कहते कानपुर भाग गए कि मुझे भारत से इश्क हो गया है। अखबार में संपादक का कार्य करने लगे। पाखंड अंधविश्वास को चुनौती देने के लिए केस कड़ा कंघा कृपाण और कक्षा को परित्याग कर दिए। लेकिन आज के युवा ठीक इसके विपरीत है। कहा कि आज के युवा भगत सिंह पर शोध करे और उनके विचारों को विश्लेषण करे।

## अवैध निर्माण करने वाले 14 लोगों के खिलाफ सीओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

### ध्वस्त किये जायेंगे अवैध निर्माण : पंकज कुमार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सीओ पंकज कुमार ने सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे 14 लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के टोलातरी ग्राम सबानो में 10-10 डिसमिल भूमि गांव के दलित चौधरी जाति के लोगों को वर्ष 1995- 96 में बंदोबस्त की गई थी। सीओ ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उक्त भूमि को लेकर टोला तरी की बैगनी देवी के अभ्यावेदन पर अंचल अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक से संयुक्त जांच कराई गई। जिसके बाद प्रतिवेदन किया गया कि गत सर्वे खाता 69 प्लॉट 51 में 1995- 96 में कुल 14 व्यक्तियों वृक्ष चौधरी, लखन चौधरी, कृष्ण चौधरी, जगरनाथ चौधरी, शिवनाथ चौधरी, बंगाली चौधरी, बंगाली चौधरी, मंगल चौधरी, घिना चौधरी, मंजीत चौधरी, किश्वर चौधरी, कृत चौधरी, सरयू चौधरी एवं विश्वनाथ चौधरी को 10-10 डिसमिल जमीन बंदोबस्त की गई थी। जो जमीन गैरमजरूआ खाते की भूमि है। जिन्हें जमीन बंदोबस्त की गई है वह सभी अनुसूचित जाति के सदस्य हैं। पासी उनकी उप जाति है। सीओ ने आवेदन में कहा कि स्थानीय स्तर पर पूछताछ एवं स्थल निरीक्षण के दौरान पता चला कि गांव के ही व्यक्तियों द्वारा बंदोबस्तधारियों को बंदोबस्त की गई भूमि पर खेतीबारी करने एवं अन्य कार्य करने से रोका जाता है। गाली गलौज भी किया जाता है। सीओ ने आवेदन में कहा कि उक्त भूमि पर वीरेंद्र मेहता मकान का निर्माण कर रहे है। अंचल पदाधिकारी द्वारा कई बार रोकने का प्रयास किया गया। वह प्रशासन को भी देख लेने की धमकी देते हैं। सरकारी आदेश की अवहेलना, सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करने आदि को देखते हुए वीरेंद्र मेहता समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य को नष्ट करने की बात कही है। इस संबंध में 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

## मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा में 250 छात्रों ने लिया हिस्सा

**महुदा (आजाद सिपाही)।** दुग्दा विद्यासागर हाई स्कूल में रविवार को मीसा कंप्यूटर की ओर से संचालित मेघा छात्रवृत्ति योजना के तहत एक विशेष लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के बीच कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देना था। इसमें करीब 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को प्रकाशित किया जाएगा। इसमें सफल छात्रों को मीसा कंप्यूटर दुग्दा में निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मीसा कंप्यूटर दुग्दा के निदेशक आदित्य प्रसाद ने बताया कि परीक्षा में सफल छात्रों को एनजीओ सम्मान झारखंड की ओर से एक साल तक निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी। इसके तहत छात्रों को डीसीए, हार्डवेयर और नेटवर्किंग, एसटीएमएल, और एडीसीए जैसी कंप्यूटर संबंधित पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी जाएगी।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी का देश के लिए बलिदान का 94 वां शहादत दिवस रविवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के डिगवाडीह स्थित आम आदमी पार्टी के नेता मदन राम के आवासीय कार्यालय में मनाया गया। इसमें शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। साथ ही उनके अंग्रेजों के खिलाफ संघर्षों के बारे में चर्चा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं, विश्वकर्मा परियोजना धनसर में बीसीकेयू के बैनरतले मजदूर नेता धर्म बाउरी ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि देश के इन वीरों को कभी भी भूल नहीं सकते। वहीं, मजदूर नेता हरिप्रसाद पप्पू के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया, जिसमें राधा देवी, गणेश हेंब्रम, अशोक भुईयां, सूरज हेंब्रम और सुनैना देवी आदि शामिल थे।

## एकडरी मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। उक्त कार्यक्रम के तहत रांची और खूंटी के लिए भेजा गया है। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को ज्ञान बढाने में काफी मददगार साबित होते है। मौके पर शिक्षक पुनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, उपेन्द्र असलम, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव आदि ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया। वहीं, शैक्षिक भ्रमण पर जाने वालों में अनुज कुमार यादव, अयुष पाल, लवकुश कुमार, सौरव कुमार, अलीजुफेकार, गुड़िया कुमारी, सुरुचि प्रिया और सनिया कुमारी आदि शामिल है।

## रामनवमी पूजा समिति का गठन पंकज कुशवाहा बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत के बाजार प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। रामनवमी के सफल आयोजन एवं शोभायात्रा के संचालन के लिये समिति को पुनर्गठित किया गया। इस दौरान सर्वसमस्ती से पंकज कुमार कुशवाहा को तीसरी बार पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं अनुज चौधरी को भी लगातार तीसरी बार सचिव बनाया गया। युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि धीरज कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, राहुल गुप्ता, सुरेश चौधरी, राजमुनि चौधरी, मधु तिवारी और प्रमोद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, दिनेश गुप्ता, बबलू एवं अखिलेश शर्मा को सह सचिव और रिंकू चौधरी को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, प्रबंध समिति में सुरेश बारी, हरिनाथ प्रसाद चंद्रवंशी, अजय राउत, छोटू पासवान, नरेश चंद्रवंशी, रमेश चौधरी, सुरेंद्र मेहता, सत्यानंद विश्वकर्मा, छोटेलाल चौधरी, उमेश सोनी और संतोष सोनी को शामिल किया गया है। इसके अलावा 100 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमें मानिक सोनी, प्रभात कुमार, विक्रांत कुमार, हिमांशु मालाकार और आदित्य कुमार आदि शामिल हैं।

## इफ्तार में शामिल हुए विधायक मथुरा महतो



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में रविवार को अध्यक्ष नौशाद गद्दी और मनीर मस्तान अजीमुद्दीन अंसारी की ओर से इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें चार ग्रामीण क्षेत्रों के अल्पसंख्यकों, समाजसेवी के अलावा विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी शामिल हुए। इनके अलावा कुमार मधुरेन्द्र सिंह, लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम सह समाजसेवी कोषाध्यक्ष प्रशांत बर्मा, अजीमुद्दीन अंसारी, मनीर मस्तान, सहाबुद्दीन अंसारी, रूस्तम कांजी, अब्दुल जलील, इम्तियाज, शरफुद्दीन, इस्लाम, अब्दुल, रवि श्रीवास्तव, गुरूचरण बासुकी, कामेश्वर सिंह, उमाशंकर थाना प्रभारी टुंडी, सुबोल सिंह, फिरोज अंसारी, अली अशरफ गद्दी, बच्चन, अशोक गागर, सीताराम चौधरी, अजीत चक्रवर्ती, मनमोहन सरकार और कृष्ण दास आदि शामिल हुए।

## अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग को लेकर चर्चा, संसद भवन घेरने का निर्णय




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सूड़ी समाज कल्याण समिति का 46वां महाधिवेशन रविवार को हीरापुर अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। इसमें झारखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महाअधिवेशन में सूड़ी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही आगे के आंदोलन की भी रणनीति बनी। केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल ने बताया कि 2021 में ही सूड़ी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की अनुशंसा झारखण्ड सरकार ने कर दिया था। इसके बाद भी केंद्र सरकार ने अबतक कोई पहल नहीं की। ऐसे में समिति ने दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना, संसद भवन का घेराव करने का निर्णय लिया है। वहीं, केंद्रीय संरक्षक रेखा मंडल ने बताया कि सूड़ी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग वर्षो पुरानी है। यह हमारा अधिकार है इसे लेकर रहेंगे।

## हुसैनाबाद प्रखंड के 12 केंद्रों पर 504 परीक्षार्थी हुए शामिल

**हुसैनाबाद के मध्य विद्यालय सहित 12 केंद्रों पर 'उल्लास' के तहत आंकलन परीक्षा संपन्न**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के तहत रविवार को 15 वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरों के लिए हुसैनाबाद मध्य विद्यालय सहित प्रखंड के 12 केंद्रों पर संख्यात्मक आंकलन परीक्षा संपन्न हुई। रमजान माह में रोजा के बावजूद हुसैनाबाद राजकीयकृत मध्य विद्यालय में मुस्लिम धर्मावलंबी महिलाएं भी परीक्षा में शामिल हुई। उल्लेख्य है कि यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ली जा रही है। इसका लक्ष्य 2030 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाना है, जो किन्हीं कारणों से पहले हो लोग शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाये हैं। खास कर 15 वर्ष से उपर की महिलाओं को साक्षर बनाना है, ताकि कर्तव्य बोध हो, सशक्त समाज की नींव पड़े, जिससे भविष्य में अधिकार के साथ कर्तव्यबोध भी हो। हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में 17, जबकि महूदंड उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 57 परीक्षार्थी शामिल हुए। हुसैनाबाद के रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कुल 12 केंदों पर 504 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, केंद्राधीक्षक कन्हैया प्रसाद ने बताया कि सीआरपी विनय सिंह, अखिलेश सिंह, हेमंत कुमार, शंकर प्रसाद सिंह, वीक्षक राजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एके राय कॉलेज में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# देश के विकास में युवाओं का योगदान महत्वपूर्णः एसडीएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** विकसित भारत युवा सांसद 2025 कार्यक्रम के तहत जपला अवधेश कुमार सिंह (एके) कॉलेज में पलामू जिले के सभी प्रतिभागियों के लिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा उक्त विषय पर निर्धारित समय तीन मिनट में उनके विचार प्रस्तुत किए गए। ज्यूरी सदस्य के रूप में मेदिनीनगर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार, मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप राम, जपला सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य कुश जी पांडे, लातेहार के नोडल ऑफिसर नवल किशोर प्रसाद एवं गढ़वा के नोडल ऑफिसर कमलेश कुमार सिन्हा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में युवाओं का योगदान प्रारंभ से ही रहा है। आज का भारतवर्ष युवाओं का देश है। देश का भविष्य आप जैसे युवाओं पर निर्भर है। वहीं, एके सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य सह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सूर्यमणि सिंह ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा को विकसित करने के लिए एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र संगठन एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हमारे देश के युवा के व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो रहा है। वहीं, ज्यूरी सदस्यों की ओर से प्रथम 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसमें बबली कुमारी, रश्मि कुमारी, रवि शर्मा, रागिनी कुमारी, संजर नवाज, रचित गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, रिंकी कुमारी, भागीरथ शुक्ला, एवं प्राजक्ता कुमारी शामिल है। चयनित प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार एवं जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने सम्मानित किया। प्रो राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त 10 चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 में भाग लेंगे जिसका विषय 'भारतीय संविधान के 75 वर्ष : अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा' होगा। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## श्राद्धकर्म में शामिल होकर बंधाया ढाढ़स



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के टुंडी विधानसभा अंतर्गत बेंगनरीया पंचायत कमलाशिंघा निवासी पार्टी के पंचायत उपाध्यक्ष सोमलाल बास्की के पिता स्व नयन बास्की के दशकर्म श्राद्धकर्म में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा धनबाद जिला टीम के कोषाध्यक्ष पप्पू पहाड़ी महतो, जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो आदि शामिल हुए। सभी सोमलाल बास्की के बेंगनरीया पंचायत के कमलाशिंघा गांव पहुंचकर सोमलाल बास्की के पिताजी को श्रृद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को दुखद घड़ी में हरसंभव मदद का आश्वासन देकर ढ़ाढस बंधाया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि जेएलकेएम एक ऐसी क्रांतिकारी पार्टी है जो विकट परिस्थितियों में एक-एक कार्यकर्ताओं, गांव समाज के सबसे सुदूरवर्ती अत्यंत गरीब पीड़ितों की मदद के लिए चौबिसों घंटे सुख दुःख में साथ देते हैं। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रतिनिधि टीम में शामिल धनबाद जिला कोषाध्यक्ष पप्पू पहाड़ी महतो, बरवाअड्डा जोंन उपाध्यक्ष हिरालाल महतो, मांझी हड़ाम हरिलाल सोरेन, टुंडी प्रखंड महामंत्री दीपक महतो, टुंडी प्रखंड कोषाध्यक्ष गणेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष मनोज महतो, बेंगनरीया पंचायत अध्यक्ष नरेश महतो, बेंगनरीया पंचायत के सक्रिय सदस्य अशोक महतो, धनंजय महतो और जितेंद्र बास्की आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो पलटने से एक की मौत, छह घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथपुर मोड में ऑटो व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में ओटो में सवार 11 लोगों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वही बाइक सवार दो युवक भी घायल हो गये। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में इलाज चल रहा है। जबकि ऑटो में सवार सभी घायलों को शनिवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में सवार होकर खूंटी जिला के जमुआदार गांव से 11 लोग कोनकेल गांव मेहमान आये थे। शनिवार की रात ऑटो से सभी खूंटी लौट रहे थे। तभी नाथपुर मोड में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में ऑटो में सवार शंकर साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि बालेश्वर महतो, विराज देवी, शर्मिला देवी, सुनीता देवी, जितनी देवी और 3 वर्षीय प्रियांशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों ने बताया घटना के बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल और मृतक को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर शंकर को मृत घोषित कर दिया। वही बाइक सवार दो घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया।

## 70 वर्षों से रामनवमी जुलूस निकालने की परंपरा घाघरा में अब टूटने की कगार पर

# घाघरा में नहीं मनायी जायेगी रामनवमी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा पुलिस के द्वेष पूर्ण कार्रवाई व दमनकारी रवैये के भय के कारण इस बार रामनवमी पर्व नहीं मानने का निर्णय लिया गया। पिछले 70 वर्षों से भी अधिक से जिस थाना से रामनवमी का जुलूस का होता था शुरूआत उसी थाने की पुलिस के कार्रवाई से भयभीत ग्रामीणों ने रामनवमी नहीं मनाने का निर्णय घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान के प्रांगण में केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक रविवार को रखी गयी। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि घाघरा पुलिस के द्वारा पिछले दुर्गा पूजा में चंदा को लेकर चाकू बाजी करने वाले हमलावर के साथ थाना में मारपीट की घटना में द्वेषपूर्ण कार्रवाई से भयभीत होकर रामनवमी का जुलूस नहीं निकाला जायेगा। किसी भी तरह का मेला या कोई भी आयोजन घाघरा प्रखंड में नहीं होगा। उपस्थित लोगों ने कहा पिछले दुर्गा पूजा के दौरान चंदा के समय चाकू बाजी हुआ था। जिस पर स्थानीय घाघरा पुलिस के द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा जितने भी लोग वीडियो फुटेज में दिख रहे हैं उन सभी को अभियुक्त बनाया जा रहा है। जो लोग भीड़ देखकर थाना में देखने के लिए पहुंचे और वैसे लोगों का वीडियो फुटेज में चेहरा दिख रहा है तो वैसे लोगों को भी पुलिस के द्वारा अभियुक्त बनाया जा रहा है। जिसके डर से इस वर्ष रामनवमी नहीं मानने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोगों ने कहा रामनवमी के जुलूस के दौरान पारंपरिक हथियार के साथ सभी लोग रहते हैं यदि किसी असामाजिक तत्वों या किसी के द्वारा कुछ अनहोनी होती है तो पुनः पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को अभियुक्त बनाया जायेगा और रामनवमी के दौरान हजारों हजार की भीड़ होता है ऐसे में हजारों लोग अभियुक्त बन जायेंगे। जिसे देखते हुए रामनवमी नहीं मानने का निर्णय लिया गया।

**ग्रामीणों का आरोप पुलिस की लापरवाही से हुई थी घटना**

ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बताया कि दुर्गा पूजा के दरमियान पुलिस की लापरवाही से पूरी घटना घटी थी। सहयोग राशि मांगने के क्रम में चाकू बाजी होने के तुरंत बाद ग्रामीणों ने चाकू मारने वाले अभियुक्त को थाना पहुंचा दिया था, लेकिन उसे सुरक्षित जगह में थाना में नहीं रखा गया, साथ ही सूचना के बाद घटनास्थल एक पुलिस अधिकारी जींस टीशर्ट में गए थे। जिसके कारण लोग उन्हें पहचान नहीं पाये। थाना में जब भीड़ घुस रही थी तो पुलिस अधिकारियों के द्वारा भीड़ को रोका नहीं गया। जिससे दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी इस पूरे लापरवाही में पुलिस की बहुत बड़ी भूमिका है, लेकिन पुलिस अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई के बजाय निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में बिपिन बिहारी सिंह, अशोक उरांव, संजय सिंह, अखिलेश्वर साहू, नीरज जायसवाल, अमित कुमार ठाकुर, प्रवीण कुमार, दिनेश कुमार नाग, विक्की साहू, सूचित गोस्वामी, नीरज कुमार, रमेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

# 31 मार्च तक राशन कार्ड में इ-केवाइसी नहीं कराने पर कट जायेगा नाम: बीडीओ



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का इ-केवाइसी करना अनिवार्य है। अगर 31 मार्च तक इ-केवाइसी नहीं कराया जाता है, तो संबंधित सदस्यों का नाम राशन कार्ड से कट जायेगा। उन्होंने बताया कि इ-केवाइसी देश के किसी भी कोने में रहकर कराया जा सकता है। इसलिए, राशन कार्ड के सदस्यों का यह बहाना नहीं चलेगा कि वे जिले से बाहर हैं। चैनपुर प्रखंड में अब तक 55 प्रतिशत राशन कार्ड का इ-केवाइसी हुआ है। शेष बचे राशन कार्ड का इ-केवाइसी 31 मार्च तक करवा लेना है। इसके लिए 21 से 27 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान सभी राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर जन वितरण केंद्रों पर आना होगा। वहां पर उनका इ-केवाइसी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, और मोबाइल नंबर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इ-केवाईसी के बाद राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड की जानकारी ऑनलाइन भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इ-केवाईसी के बाद राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड की जानकारी ऑनलाइन भी मिलेगी।

# आदिवासी उत्थान कल्याण समिति की बैठक, 1 को सरहुल मनाने का निर्णय



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवडीहा में आदिवासी उत्थान कल्याण समिति की बैठक सरहुल पर्व मनाने को लेकर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जोगेंद्र भगत ने की। बैठक में समिति के अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। बैठक में सर्व समिति से आगामी 1 अप्रैल दिन मंगलवार को सरहुल पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। वही आगामी 1 अप्रैल को सरना स्थल में सुबह 9:00 बजे पहान विश्वनाथ पहान की अगुवाई में विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी। पूजा के बाद सरना स्थल पर फुल सोंसी एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही दिन के 11:00 बजे सरहुल शोभा यात्रा जुलूस सरना स्थल नवडीहा से निकलेगी। जो मुख्य पथ होते हुए करंज टोली चौक स्थित केराटोली देशवाली स्थल पहुंचकर सभा में परिवर्तन होगी। उसके साथ ही वक्ताओं द्वारा संबोधन किया जायेगा। पारंपरिक सामूहिक नित्य गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। वही पारंपरिक वेश भूषा, धोती, साड़ी गमछा, पगड़ी, नगाड़ा मांदर ढोल के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गयी। इसके साथ ही आगामी 26 मार्च 2025 को सरहुल पूजा समिति का गठन किया जायेगा। ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन हो सके। इस मौके पर धनीराम उरांव, भीनेश्वर भगत, लक्ष्मी नारायण उरांव, दिलीप किंडो, बलिराम लकड़ा, रामेश्वर उरांव, उर्मिला भगत, वीरसमनी देवी, देवेंद्र उरांव, तारामणि देवी, सुमित्रा कुमारी, फुलमा देवी, नारायण उरांव, राजेंद्र भगत, रविशंकर उरांव, शिवनारायण उरांव, देवनारायण उरांव, उर्मिला कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मिशन बदलाव ने मनाया शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** मिशन बदलाव के भरनो प्रखंड अध्यक्ष अधिवक्ता पंकज लोहरा के नेतृत्व में भरनो हाई स्कूल मैदान में शहादत दिवस एव बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में भगत सिंह की प्रतिमा पर सभी सदस्यों के द्वारा माल्यर्पण किया गया। कार्यक्रम मे मिशन बद्लाव के पदाधिकारीगण शामिल हुए। मिशन बद्लाव के भूषण भगत ने बताया कि आजादी के लिए 23 साल की उम्र में फांसी पर झूलने वाले भगत सिंह इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुदार्बाद के नारे लगाते थे। आज के दिन भगत सिंह के साथ सुखदेव और शिवराम राजगुरु ने भी भारत की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गये थे। मिशन बदलाव के कैप्टन अमित झा ने कहा कि देश के प्रति प्रेम के जज्बे को देखकर देश के युवाओं को भी देश की आजादी के लिए लड़ने की प्रेरणा मिली थी। मिशन बदलाव के राज कुमार ने कहा कि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दे दी थी। उन्हें लाहौर षड़यंत्र के आरोप में फांसी की सजा सुनायी गयी थी। मिशन बदलाव संजय बरला ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी 24 मार्च को देना तय था लेकिन अंग्रेजों ने एक दिन पहले ही यानी 23 मार्च को भारत के तीनों सपूतों को फांसी पर लटका दिया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिशन बदलाव भरनो के सदस्य एरिक जोसेफ, सागर उराव, सूरज बाबू, बिनोद साहू, संतोष कुमार, बिनय प्रवीण टोप्पो, नीतीश राज लकड़ा, करमचंद उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

# डूमरटोली में ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के डुमरटोली गांव में रविवार की अपराह्न 3 बजे जमकर वर्षा हुई। इसके बाद तूफान और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आधे घंटे तक लगातार ओलावृष्टि हुई जिससे पूरा क्षेत्र सफेद चादर में लिपट गया। सड़क खेत और मकान सफेद हो गये। ग्रामीणों ने बताया जारी प्रखंड में 52 गांव है लेकिन डुमर टोली गांव में जमकर बर्फबारी हुई। जिससे सड़क पर आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हुई। विशेष कर दो पहिया वाहनों को सड़क में चलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। डुमरटोली गांव में जमकर बर्फबारी की सूचना जैसे ही लोगों को मिली लोगों का जमावड़ा गांव में लगने लगा। पूरा डुमरटोली गांव शिमला की तरह दिखने लगा। खेत में लगे प्याज, लहसुन, टमाटर, मिर्चा सहित कई फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गये। डुमर टोली गांव के किसान संतोष मिंज के द्वारा एक एकड़ में लगे मनरेगा के तहत आम बागान में लगा मंजर और फल क्षतिग्रस्त हो गया। किसान ने बताया 2 वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद आम में मंजर लगकर फल लग गया था लेकिन बर्फबारी से पेड़ में लगे फल एवं पत्ती झड़ गये। वही गांव के सकलदीप नाथ शाहदेव और नवनीता कुजूर जो अपने स्तर से आम की बागवानी किए थे वह भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिब्राईल अंसारी के दो एकड़, मोबिन अंसारी के 1 एकड़ में लगे टमाटर की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया। किसानों ने सोमवार को प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन देने की बात कही है।

# आठ महिलाओं के बीच किराना दुकान सामग्री का वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के आठ महिलाओं को स्वालंबन के लिए सौ प्रतिशत अनुदान पर दिया किराना दुकान का सामग्री। उद्योगिनी संस्था कामडारा नारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्योगनि संस्था के द्वारा उद्यम शुरू करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर करने के उद्देश्य से आठ महिलाओं को किराना दुकान की सामग्री प्रदान की गयी जो संस्था की ओर से पूरी तरह अनुदानित है। जिसका लाभ प्रखंड के विभिन्न गांव की महिलाएं है जिसमे कजरा गांव से सुनीता देवी, बानपुर गांव से दशमी बरला, तुरबुल से गांव भागवती देवी, कुरमुल गांव से हल्याणी बरजो, रामतोल्या गांव से मंजू कंडुलना, पकरा गांव से निर्मला तिर्की, गाड़ा गांव से सुमन्ती देवी, रामतोल्या महुआटोली गांव से जसिंता तोपनो का नाम शामिल है।

# गांव के प्रतिभा को मंच देने का काम कर रही है चिल्ड्रेन एकेडमी : संतोषी

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी 10+2 स्कुल रन्हे में 20वां वार्षिक उत्सव सह प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एशियन योग चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट संतोषी कुमारी, एकेडमी डायरेक्टर विजय कुमार साहू सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की। इसके उपरांत बच्चों ने कई गीतों पर नृत्य व गीत प्रस्तुत किये। इसके साथ ही विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षावार छात्रों के बीच प्रगति पत्र मेडल और पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वही बेहतर प्रदर्शन पूरे वर्ष अपने स्कूल में बेहतर करने वाले एलकेजी के छात्र अर्श उरांव और प्री नर्सरी की छात्रा प्रेमिका कुमारी को विद्यालय प्रबंधन द्वारा साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एशियन योग चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट संतोषी कुमारी ने कहा कि गांव में असली प्रतिभा पनपत्ति है और उक्त एके-डमी प्रतिभाओं का खजाना है। बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षक प्राप्त करें और एक बेहतर मुकाम तक पहुंचे। पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बच्चे आगे बढ़े। आज के परिवेश में खेल के भी क्षेत्र में लोग अपना भविष्य सवार रहे हैं।

**बच्चों में सर्वांगीण विकास इस कार्यक्रम का लक्ष्य : विजय साहु**

वही मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक विजय कुमार साहू ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, जिसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि बच्चे खुद को बेहतर स्थापित करने के लिए आगे बढ़े। आप सभी बच्चे अपने परिवार का नाम रोशन करें। अभिभावक बच्चों को मोटिवेट करें ताकि बच्चे बेहतर करें।

# 12 प्रखंडों और 100 संकुल क्षेत्रों में हुई साक्षरता आकलन परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, झारखंड के तत्वावधान में जिला साक्षरता समिति, गुमला द्वारा आज दिनांक 23 मार्च 2025, रविवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी 12 प्रखंडों एवं 100 संकुल क्षेत्रों में स्थित जन चेतना केंद्रों पर व्यस्क नवसाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक सह सदस्य सचिव, नूर आलम खां ने जानकारी दी कि इस आकलन परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक चिन्हित परीक्षा केंद्र पर प्रखंड स्तर से केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। नवसाक्षर परीक्षार्थियों का ऑन-स्पॉट पंजीकरण कर उन्हें परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। पूरे देश में आयोजित इस परीक्षा के मद्देनजर जिले के सभी संकुल एवं प्रखंड संसाधन केंद्र रविवार को भी खुले रहे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों सहित जिले के सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन), बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) ने सक्रिय भूमिका निभायी। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करते हुए नवसाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान किया। यह उल्लेखनीय है कि जिले के सभी प्रखंडों में असाक्षरों को चिन्हित कर उन्हें बुनियादी साक्षरता प्रदान करने हेतु जन चेतना केंद्रों का संचालन स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जा रहा है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान द्वारा देशव्यापी स्तर पर इस आकलन परीक्षा का आयोजन उन सभी वयस्कों के लिए किया जाता है, जिनके पास साक्षरता का कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है।

# 20 जन चेतना केंद्रों पर साक्षरता जांच परीक्षा आयोजित



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण झारखंड के तत्वाधान में रविवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रायडीह प्रखंड के 20 जन चेतना केंद्रों पर व्यस्क नवसाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजित सेनगुप्ता ने बताया की कि इस आकलन परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक चिन्हित परीक्षा केंद्र पर प्रखंड स्तर से केंद्राधीक्षक एवं संकुल साधन सेवी को पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त की गयी थी। नवसाक्षर परीक्षार्थियों का ऑन-स्पॉट पंजीकरण कर उन्हें परीक्षा में सम्मिलित किया गया। कुल 402 व्यस्क नवसाक्षर परिक्षार्थी आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा में सम्मिलित हुए।

## स्पोर्ट्स



सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन के नाबाद 106 रनों की शतकीय पारी और ट्रेविस हेड की 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया

# आइपीएल : सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 में रविवार को खेले गये दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों के अंतर से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन के नाबाद 106 रनों की शतकीय पारी और ट्रेविस हेड की 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 242 रन तक ही पहुंच पायी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग पवेलियन लौट गये। यशस्वी जहां एक बन ही बना सके, वहीं पराग 4 रन बनाकर आउट हुए। फिर पांचवें ओवर में नीतीश राणा भी आउट हो गये। नीतीश ने आठ गेंदों पर 11 रन बनाये। शुरूआती झटकों के बाद इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैच में खेल रहे संजू सैमसन ने विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरते हुए अर्धशतक जड़ दिये। संजू ने 26 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा, जबकि जुरैल ने 28 गेंदों पर अपना पचासा पूरा किया। दोनों ने मिलकर टीम के स्कोर को 13 ओवर तक 150 के पार ले गए। दोनों बल्लेबाज टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पहले संजू और फिर जुरैल आउट हो गए। संजू ने 37 गेंदों पर सात चौके और चार छक्कों की मदद से 66 रन और जुरैल ने 35 गेंदों पर पांच चौके और छह छक्कों की मदद से 70 रन की ताबड़तोड़ पारियां खेली। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर ने 23 गेंदों पर 42 रन और शुभम दुबे ने 11 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाये। टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 242 रन ही बना पायी और मुकाबला हार गयी।

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट लिए, एडम जम्पा और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 286 रनों का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए ईशान किशन ने नाबाद शतक जड़ा। उन्होंने 47 गेंदों पर नाबाद 106 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। अपनी पारी में किशन ने 11 चौकों और छह छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भी शानदार बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया। हेड ने 31 गेंदों पर तुफानी बल्लेबाजी करते हुए नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 67 रन बनाये।

# प्राकृतिक आपदा से नुकसान के मुआवजे को लेकर सीओ ने फॉर्म जारी किया

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड में पिछले तीन दिनों में आंधी वारिश के साथ हुए ओलावृष्टि के इस प्राकृतिक आपदा में मकान एवं फसल नुकसान के मुवावजे को लेकर अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने फार्म जारी किया है। अचंल अधिकारी ने किसानों एवं ग्रामीणों को सूचित किया है कि जिनका जिनका ओलावृष्टि से खेत में लगी फसल सहित घर में काफी नुकसान पहुंचा है और किसानों का फसल बर्बाद हुआ है या घर को नुकसान हुआ है वह संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/ जन सेवक/ पंचायत सेवक/ रोजगार सेवक/ मुखिया एवं जनप्रतिनिधि के माध्यम से अंचल अधिकारी चैनपुर में अपना आवेदन जमा करें ताकि उक्त आपदा में हुए नुकसान को लेकर सरकारी प्रावधान के अनुरूप लोगों को मुआवजा मिल सके।

# जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर संगोष्ठी का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा एवं माता भगवती शर्मा के अखंड द्वीप के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर को लेकर गुमला जिले के गायत्री शक्तिपीठ बडाईक मुहल्ला में रविवार को समय दोपहर 12 बजे से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के माध्यम से जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर स्थित समितियां को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। साथ ही विशेष कार्यक्रम के तहत एक लाख जप के लिए गुमला जिला से 15 लोगों का चयन किया गया है। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि प्रसेन सिंह, अशोक कुमार शाह, सरस्वती सिंह, महावीर साहू , ब्रह्मदेव कुमार,गीता देवी, सुनील कुमार दास, संजू देवी, लक्ष्मी देवी, विश्वनाथ जायसवाल, मुरली साहू,शकुंतला साहू, प्रमोद सिंह, अर्जुन कुमार सोनी, डोमन साहू, ललिता देवी, प्रतिमा देवी, मुन्नी देवी, कौशल्या देवी, बबिता गुप्ता, जगनारायण प्रसाद, किशुन सिंह, सुखनाथ सिंह, कृष्णा प्रसाद, नारायण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# सभा आयोजित कर दहेज और मानसिक गुलामी को लेकर चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत असुरबांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दहेज उन्मूलन समिति की अगुवाई में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जाति के लोग शामिल हुए। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सुधारक मंटू पटवार शामिल हुए। वहीं सभा का संचालन रीना मंडल ने किया। उसमें संगठन के अध्यक्ष विश्वनाथ मंडल मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने जात-पात, संप्रदाय के विरोध में दहेज रूपी दानव और मानसिक गुलामी के विरोध में अपनी बात रखी। साथ ही मंडल समाज के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय बंक बिहारी मंडल की मूर्ति निर्माण के लिए समाज की ओर से शिलान्यास की बात कही गयी। मौके पर संस्थापक शंकर कुमार मंडल, श्यामापद मंडल, दुलाल मंडल, अमर मंडल, जयदेव मंडल, राम प्रसाद मंडल, दुर्गा चरण मंडल, शत्रुघ्न मंडल, बलराम पाल, संकीर्तन मंडल, श्यामल मंडल, अजय मंडल, फूलचंद मंडल, बलराम पाल, अंजना मंडल और जोशना मंडल आदि उपस्थित रहे।

# झारखंड श्रमिक कल्याण ट्रस्ट की ओर से गोष्ठी का आयोजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड श्रमिक कल्याण ट्रस्ट की ओर से रविवार को कंचनडीह मैदान में कोयला श्रमिकों की समस्या एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मजदूर नेता उपेंद्रनाथ पाठक, संचालन विजेंद्र भास्कर एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद इम्तियाज ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता मन्नू तिवारी उपस्थित हुए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के मजदूरो के शोषण की चर्चा की। कहा कि विषम परिस्थितियों में कोयला क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों का ठेकेदारों एवं कंपनियों द्वारा शोषण किया जा रहा है। उनके कल्याण के लिए हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने मजदूर नेता स्व राम छबीला ओझा द्वारा मजदूर हित में किए गए कार्यों को याद दिलाया। वहीं, ट्रस्ट के संरक्षक विजेंद्र भास्कर ने बताया कि कोयला क्षेत्र के मजदूरों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से कल्याण के उद्देश्य से ट्रस्ट की स्थापना की गई है। ट्रस्ट निरसा विधानसभा के इसीएल मुगमा क्षेत्र, बीसीसीएल क्षेत्र सीवी एरिया 12 एवं कोयला आधारित उद्योगों के मजदूर, विशेष कर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों एवं उनके परिजनों के हितों में काम करेगी। वहीं, यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मधुरेंद्र गोस्वामी ने मजदूरों के हित में स्थापित ट्रस्ट को सार्थक पहल बताते हुए झारखंड श्रमिक कल्याण ट्रस्ट को हर संभव सहयोग एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता बांपी चक्रवर्ती ने कहा कि मजदूर नेताओं ने ही मजदूरों का शोषण किया है। ऐसे में मजदूरों का विश्वास नेताओं से उठ गया है। ऐसे समय में ट्रस्ट की स्थापना से मजदूर में एक आशा की किरण जगी है। मौके पर प्रेम प्रकाश पांडे, मोहम्मद जावेद, सलाउद्दीन अंसारी, रूपेश सिंह, डब्ल्यू, जितेंद्र पांडे, अजीत तिवारी, विजय महतो, जितेंद्र कुमार गुप्ता, इस्तकार खान, इश्तियाक खान, समीर खान, विपिन बिहारी मंडल, दीनानाथ पाठक, राजकुमार यादव, राजकुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# भजन संध्या का आयोजन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मां मथुरासिनी ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मां मथुरासिनी वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। मां मथुरासिनी जागरण कमेटी कतरास के कलाकार शत्रुघ्न एवं स्नेहा की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। चलो बुलावा आया है माता ने पुकारा है... मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा... राम जी की निकली सवारी.... मेरी जान है राधा... आदि भक्ति गीत गाये। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजन सेठ, सचिव संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरव भदानी, प्रकाश राम गुप्ता, रौनक गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, अविनाश गुप्ता, सतीश गुप्ता, कमेटी के सचिव नीरज गुप्ता, अध्यक्ष बबलू गुप्ता, संजय गुप्ता, वैश्य मंडल कतरास के उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## चार टन अवैध कोयला जब्त

**महुदा (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल मंडल और सीआईएसएफ ने संयुक्त छापामारी अभियान चलाकर भाटडीह के 7 नंबर शनि मंदिर के पास से चार टन अवैध कोयला जब्त किया है। साथ ही अवैध खनन स्थल को डोजर और पेलोडर से बंद कर दिया है। पुलिस ने जब्त कोयले को बीसीसीएल को सौंप दिया। हालांकि, प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय समाजसेवियों और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने अपनी निराशा व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित है। लोगों का कहना है कि अवैध कोयला खनन के खिलाफ प्रभावी और निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियां पूरी तरह से रोकी जा सकें।

# सरकारी दस्तावेजों में जीवित वृद्ध महिला को मृत बताया

## खुद को जीवित साबित करने के लिए छह महीने से काट रही कार्यालयों के चक्कर

**सरकार से बंद पेंशन को फिर से चालू करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** चंद्रपुरा प्रखंड के बुढ़ीडीह गांव की 75 वर्षीय दुलाली देवी पिछले छह महीने से सरकारी दफ्तरों में खुद को जीवित साबित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सरकारी दस्तावेजों में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है, जिस कारण उनका वृद्धा पेंशन रोक दी गई है। दुलाली देवी ने प्रखंड कार्यालय, करमाटांड़ पंचायत के प्रतिनिधियों और बोकारो डीसी से कई बार मदद की गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि या तो उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए, या फिर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पुनः पेंशन दी जाए, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें। बतातें चलें कि 2019 से दुलाली देवी को राज्य सरकार द्वारा वृद्धा पेंशन दी जा रही थी, लेकिन सितंबर 2024 के बाद उनका पेंशन अचानक बंद हो गया। जब उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय और बैंक में जांच की, तो उन्हें चौंकाने वाली जानकारी मिली। प्रविष्टियों के अनुसार, दुलाली देवी 31 जुलाई 2024 को मृत हो चुकी थीं, जिस कारण उसका पेंशन बंद कर दिया गया है। इसके बाद, वह और उनका परिवार प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटते रहे, जीवित होने का प्रमाण दिखाते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। दुलाली देवी के पुत्र जितेंद्र गोप ने बताया कि उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और बोकारो डीसी से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। करमाटांड़ की मुखिया सुनीता देवी ने इस मामले पर बयान देते हुए कहा कि पेंशनधारियों के सत्यापन के लिए पंचायत सचिव को जिम्मेदारी दी गई थी। सत्यापन के दौरान गलत सूचना मिलने के कारण दुलाली देवी का नाम पेंशन सूची से हटा दिया गया था, जिसके चलते उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और पेंशन रोक दी गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दुलाली देवी को पुनः वृद्धा पेंशन प्रदान किया जाएगा।



बेटे-बहू के साथ अपने दस्तावेज दिखाती दुलाली देवी।

# पुरानी वीडियो को दिखा कर भाजपा की बदनाम करने की साजिश : मंत्री इरफान अंसारी

**मंईयां सम्मान योजना की राशि के लिए महिलाओं के बीच हुई मारपीट का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंइयां सम्मान योजना की राशि को लेकर जगह-जगह उमड़ी लोगों की भारी भीड़ और शनिवार को धनबाद में महिलाओं के बीच हुई मारपीट की घटना पर राज्य के मंत्री इरफान अंसारी ने सफाइ देते हुए भाजपा को ही जिम्मेदार ठहराया है। रविवार को उक्त मामले को लेकर पत्रकारों द्वारा सवाल किये जाने पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पुराना वीडियो दिखाकर भाजपाई सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा लोगों में भ्रम फैला रही कि महिलाओं का नाम मंइयां सम्मान योजना की सूची से काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिन महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना की राशि मिलने में असुविधा हो रही हो या जिनके बैंक और आधार में अगर कोई गड़बड़ी है उसे ठीक कर लाभ मुहैया कराया जाए।

### बारिश-ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलान करने को दिया हूं निर्देश

मंत्री इरफान अंसारी ने यह भी बताया कि राज्य के सभी जिलों के डीसी निर्देश दिया गया है कि वे पता लगायें कि दो दिन से लगातार कहां-कहां बारिश हुई है। इस दौरान ओलावृष्टि से कितनी क्षति हुई है। कहां-कहां किसानों की फसल बर्बाद हुए और घर की क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार किसी को बेघर होने नहीं देगी। जिन्हें क्षति हुई है उन्हें मुआवजा जरूर दिया जाएगा।

# जेएलकेएम की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी चुनावों को लेकर बनी रणनीति

**झारखंड में सकारात्मक बदलाव जेएलकेएम और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ही ला सकती है : रंजीत महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के निर्देश पर रविवार को मेमको मोड़ स्थित धनबाद जिला प्रधान कार्यालय में पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्तिनाथ महतो और संचालन जिला महासचिव सल्लाऊद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के संगठन मजबूती, विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारी पर रणनीति तैयार की गयी। टाइगर जयराम महतो के विचारधाराओं को धनबाद जिले के सिंदरी से लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन-जन पहुंचाने की रणनीति तैयारी की गयी। धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में सकारात्मक बदलाव जेएलकेएम और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ही ला सकती है। बैठक में जेएलकेएम के धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्तिनाथ महतो, युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुश महतो, धनबाद नगर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा डिंपल चौबे, जिला महासचिव सलाउद्दीन अंसारी, बाघमारा पूर्व प्रत्याशी दीपक रवानी, एसी मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष हरेंद्र रजक, अखलाख अंसारी, सपन मोदक, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटू रजक, प्रेम रजक, पप्पू पहाड़ी महतो आदि उपस्थि रहे।

# बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महुदा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की ओर से बुनियादी साक्षरता एवं अंक ज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा उन साक्षरों के लिए थी जिनके पास किसी भी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र नहीं था। परीक्षा केंद्रों में राधानगर मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी, मध्य विद्यालय नवागढ़, मध्य विद्यालय महुदा बस्ती और मध्य विद्यालय कांड्रा शामिल थे, जिसमें सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र अधीक्षक प्रवीण कुमार लाला ने बताया कि यह परीक्षा वर्ष में दो बार (मार्च और सितंबर) आयोजित की जाती है। परीक्षा के परिणामों के आधार पर एक महीने के भीतर सभी सफल उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगें। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, बीपीओ विकास लाल दास, रागिनी कुमारी, मधुमिता महतो, रामानुज सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार, सहदेव टुडू, अजय सरकार, बच्चू सिंह, बिनोद कुमार सिंह, सीआरपी बहादुर महतो आदि मौजूद थे।

# वाइस चांसलर ने प्रोसेसर प्लांट-हर्बल ऑर्गेनिक लगाने के लिए दिये सुझाव

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंझीलाडीडीह स्थित स्थित जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की ओर से रविवार को एजुकेशनिस्ट मीट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वॉइस चांसलर प्रोफेसर राम कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू पुष्पा कुमारी, जेपी ग्रुप इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, एसएसएलएनटी की प्रभारी प्राचार्या, डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न स्कूल के प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की प्राचार्य शोभना भट्टाचार्य, फार्मेसी की प्राचार्य नीलम सिंह एवं पारामेडिकल कोर्सेज की प्राचार्या वर्षा रानी ने वर्तमान में कॉलेज में क्वालिफाइड शिक्षकों के सानिध्य में संचालित कोर्सस, लैब फैसिलिटी, फूडिंग, लॉजिंग,गार्ड सीसीटीवी से लैस पुख्ता सिक्योरिटी व्यवस्था को प्रोजेक्टर सिस्टम के माध्यम से सभी को अवगत कराया। वहीं, वाइस चांसलर राम कुमार सिंह ने कम समय में कॉलेज में बेहतर पठन-पाठन के शानदार प्रयासों के लिए अध्यक्ष प्रदीप मंडल और प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल सहित सभी प्राचार्यों की प्रशंसा की। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अपना-अपना काम करने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दे, जिम्मेदारियां दे और अनुशासन और व्यवस्था के लिए स्ट्रिक्ट एक्शन ले। साथ ही कहा कि प्रोसेसर प्लांट और हर्बल ऑर्गेनिक लगाएं जो कॉलेज और विद्यार्थियों के भविष्य में सफलता के लिए बहुत बड़ा स्कोप साबित होगा। प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में उन्नत सुविधाओं के कारण स्थानीय विद्यार्थियों को फार्मेसी और नर्सिंग कोर्सेज के लिए ज्यादा खर्च कर बाहर राज्यों में जाने की जरूरत नहीं। इन सुविधाओं के अलावा वाइस चांसलर के सुझाव को आज से ही धरातल पर उतारा जाएगा। अध्यक्ष जेपी मंडल ने कहा कि जेपी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस फार्मेसी एवं नर्सिंग और फामेर्सी चिकित्सा के अन्य और कोर्सेज और मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा की ओर अग्रसर है। जेपी हॉस्पिटल एवं जेपी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने बताया कि आज वाइस चांसलर सहित उपस्थित शिक्षाविदों के दिशा-निर्देश, सलाह और सुझाव का पालन कर जेपी ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन को उन्नत और अपडेट कर झारखंड का नंबर वन कॉलेज बनाने की दिशा में सक्रिय रहेगा। बीबीएमकेयू के एचओडी उपेंद्र कुमार, प्राचार्य गौरांग भारद्वाज, प्राचार्य रणजीत सिंह ने भी अपने भी अपने-अपने व्यक्त दिए। एजुकेशनिस्ट मीट में जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल,नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य,फामेर्सी की प्राचार्या,नीलम सिंह प्रबीर मंडल आशीष मंडल, अष्टमी मंडल सौरव मंडल उपस्थित थे।



## दामोदर और झारखंड की मूल समस्याओं को लेकर आयोजित संगोष्ठी का समापन

# भू-दान जमीन पर गैर सरकारी कंपनियों-भूमाफिआओं की तरह बीसीसीएल ने भी किया है कब्जा : शत्रुघ्न झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड किसान विकास संघ की ओर से दामोदर नदी एवं झारखंड की मूल समस्याओं पर आयोजित दो दिवसीय विचार गोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। दूसरे दिन भूदान एवं अन्य समस्याओं पर गांधीवादी शत्रुघ्न झा की अध्यक्षता में चर्चा हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शत्रुघ्न झा ने कहा कि गांधी जी के विचारों को आत्मसात करते हुए ग्राम स्वराज की स्थापना करने की आवश्यकता है। जिसके तहत कमेटी बनाकर छोटे-छोटे उद्योगों से लोगों को जोड़ना है। उन्हें स्वावलंबी बनाना है। साथ ही विनोबा भावे द्वारा चलाए गए भूदान के तहत पूरे भारत में 45 लाख एकड़ जमीन भूमिहीनों के बीच बांटने को मिला था। बिहार और झारखंड को मिलाकर कुल 21 लाख एकड़ जमीन मिली थी, जो सरकार की उदासीनता के कारण आज भी लंबित है। इसमें झारखंड को कुल दान में 1469280 एकड़ जमीन मिली थी, जिसमें 497208 एकड़ जमीन किसानों के बीच बांटी गई थी। पर अभी भी झारखंड में 9,72,268 एकड़ जमीन बांटनी बाकी है। धनबाद जिले की बात करें तो 7087 एकड़ तीन डिसमिल जमीन दान में मिली थी, जिसमें भूदान किसानों के बीच 3169 एकड़ 40 डीसमील जमीन बांटी गई। पर अभी भी जिले में 3927 एकड़ 63 डीसमील जमीन बांटी जानी है। जिसमें अधिकांश जमीनों पर या तो जमीन माफियाओं या तो कई प्राइवेट कंपनियों ने कब्जा कर लिया है। बीसीसीएल ने भी भू-दान जमीनों पर कब्जा किया है। कई भूदान किसानों को तो जमीन का पट्टा मिला, लेकिन आज तक उनको जमीन पर दखल कब्जा नहीं हो पाया है। जल्द ही इन मुद्दों पर काम शुरू किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी में बताया कि गांव में ग्राम आधारित संसाधनों के सहयोग से ग्राम उद्योग की स्थापना की जाएगी। इसके लिए टीम की ओर से सर्वेक्षण किया जाएगा। दामोदर नदी को बचाने के लिए कमेटी कदम उठाएगी। सरकार के सामने भी मांग रखी जायेगी कि भूदान यज्ञ कमेटी का गठन प्रदेश में जल्द हो। बरवडड़ा स्थित किसान चौक का सौंदर्यीकरण, भूदान किसानों को उसका सही नियोजन एवं मुआवजा मिले। जल्द ही इन मुद्दों पर पहल नहीं हुई तो आंदोलन भी करेंगें। इस मौके पर गीता देवी, राम रतन राम, योगेश्वर महतो, चिंतामणि महतो, मधेश कुमार, संगीता कुमारी, मुन्ना खान, महेश महतो, छवि कुमारी, सुनीता कुमारी, मनोज कुमार, रामचंद्र जैसवारा, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।



## संघर्षशील माताओं को किया गया सम्मानित

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** परमवीर अब्दुल हमीद स्मृति भवन, संडे बाजार में रविवार को शोषित मुक्ति वाहिनी और ज्ञान दीप अभियान ट्रस्ट के तत्वावधान में देश के वीर सपूत शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संघर्षशील माताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने पति के देहांत के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में अपने बच्चों को शिक्षित कर समाज में एक मिसाल पेश की। सम्मानित महिलाओं में रोहिणी देवी, राधा देवी, मुन्नी देवी, नूनी बाला देवी, कुंती देवी, अंजु देवी, रौशन आरा और जुबेदा बेगम शामिल थीं। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वहीं, रोशन आरा की संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा को सुनकर पूरा हॉल खड़ा होकर उनका सम्मान करता नजर आया। उन्होंने पति की मृत्यु के बाद अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक परिश्रम किया। जब उनके जवान बेटे की किडनी खराब हो गई, तो उन्होंने अपनी एक किडनी दान कर बेटे को जीवनदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को दामोदर बचाओ अभियान के गुलाब प्रजापति, यूनाइटेड मिल्ली फोरम झारखंड के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस, सीटू के प्रदेश सचिव विजय भोई, पंच सूत्र की आरती चंद्रा, शिक्षिका मुसर्रत जहां, शोमुवा के अध्यक्ष श्याम मुंडा, अविनाश सिन्हा और शोमुवा के संरक्षक सुबोध सिंह पवार ने संबोधित किया। इस दौरान ज्ञान दीप अभियान ट्रस्ट में कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया और नए सत्र में प्रवेश के लिए नामांकन-पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर राजू तांती ने ज्ञान दीप अभियान ट्रस्ट को एक प्रिंटर मशीन भेंट किया। जबकि बेरमो कोल्डफील्ड यूनियन ने अपने वेल्फेयर मद से दो कंप्यूटर दान किए। वीरेंद्र पासवान और सुकुमारण ने पुस्तकालय के लिए किताबें दान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी और संचालन संयुक्त रूप से ज्ञान दीप अभियान ट्रस्ट की शिक्षिकाएं काजल कुमारी, तननु कुमारी और शोमुवा के सलाहकार जयनाथ तांती ने किया। इस मौके पर मिनहाज मंजर, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, संजय सिंह, सोमुवा के प्रदीप कुमार, सरोज मास्टर, विचित्रा सोनार, रतन निषाद, लखन तुरी, गुलबास अंसारी, संतोष दिगार, राकेश नायक, अविनाश सिन्हा, शिबू चक्रवर्ती और मो फराज आदि उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


## विद्युत क्षेत्र के विकास की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को भुवनेश्वर का दौरा किया। उन्होंने ओड़िशा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य के विद्युत क्षेत्र के विकास पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। चर्चा में राख (फ्लाई ऐश) का उपयोग, क्षमता वृद्धि, ट्रांसमिशन अवसंरचना और विद्युत आवंटन सहित प्रमुख मुद्दे शामिल थे।

फ्लाई ऐश उपयोग लक्ष्यों को प्राप्त करने के मुद्दे पर मनोहर लाल ने आश्वासन दिया कि फ्लाई ऐश के लंबी दूरी के परिवहन के लिए पर्याप्त रेल रेकों के प्रावधान सहित इस मुद्दे को व्यापक रूप से हल करने के लिए कोयला, पर्यावरण और रेल मंत्रालयों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलायी जायेगी।

बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए राज्य सरकार ने बताया कि ओड़िशा में वर्तमान में 20 गीगावाट की कोयला आधारित ताप विद्युत क्षमता है तथा 10 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता पाइपलाइन में है, जिसके अगले 5-6 वर्षों में शुरू होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने ओड़िशा में और अधिक पिट-हेड ताप विद्युत संयंत्रों के विकास को प्रोत्साहित किया, जिसमें अन्य राज्यों की विद्युत उत्पादन कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं।

ट्रांसमिशन के मोर्चे पर, ओड़िशा ने अपनी अंतर-राज्यीय योजना रणनीति और भुवनेश्वर तथा कटक जैसे शहरों में आपूर्ति को मजबूत करने में हाल की प्रगति को साझा किया। ओड़िशा पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) मुद्दों को हल करने के लिए उठाये गये कदमों से भी मंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि ओड़िशा के अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के अंतर्गत एक ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर स्थापित करने का प्रस्ताव संकलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 31 मार्च के बाद नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा लिया जायेगा। ओड़िशा को पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अगले चरण में शामिल करने के बारे में केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मामले को उचित तरीके से उठाया जायेगा। बिजली आवंटन के बारे में उन्होंने कहा कि ओड़िशा को एनएलसीआइएल की तालाबीरा थर्मल पावर परियोजना के दूसरे चरण से बिजली मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पर्याप्त बिजली मिलेगी। यह यात्रा ओड़िशा के विद्युत ढांचागत मजबूती और ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### मोहन चरण माझी ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के साथ महानदी जल विवाद समेत कई मुद्दों पर चर्चा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने ओड़िशा दौरे के दौरान लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर दोनों के बीच महानदी जल विवाद समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री माझी ने विवाद को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने का सुझाव दिया। यह कहते हुए कि दोनों राज्य पड़ोसी राज्य हैं और दोनों राज्यों के बीच भाषाई और भावनात्मक संबंध भी है। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि दोनों राज्यों के लोगों के हित में इसे तुरंत हल करने की आवश्यकता है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर गुरुत्व देकर इसके शांतिपूर्ण समाधान का रास्ता खोजने पर सहमत हुए हैं।

### एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ में विश्व जल दिवस 2025 मनाया गया



लखनऊ (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय, लखनऊ ने 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस मनाया, जिसमें जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा दिया गया। इस वर्ष की थीम हिमनद संरक्षण थी, जिसमें मीठे पानी की आपूर्ति और जलवायु स्थिरता बनाए रखने में ग्लेशियरों की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसका नेतृत्व एनएस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर क्षेत्र) और अमरीक सिंह भोगल, जीएम (ओएस) ने किया। इस अवसर पर केके होता, सीइओ, न्यूजेल, समीरन सिन्हा रे, क्षेत्रीय प्रमुख (मानव संसाधन), वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विपुल श्रीवास्तव, एजीएम (पर्यावरण प्रबंधन) ने इस दिवस के महत्व को रेखांकित किया।

### वाशिंगटन विश्वविद्यालय बोथेल के 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया किट और किस का दौरा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वाशिंगटन विश्वविद्यालय बोथेल (यूडब्ल्यूबी) का एक 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जो वर्तमान में 19 मार्च से किट और किस की 10 दिवसीय यात्रा पर है, ने किट के विभिन्न परिसरों और किस की विभिन्न इकाइयों का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने किस के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए काफी समय बिताया। अपने प्रवास के दौरान 11 यूडब्ल्यूबी छात्र और 2 संकाय सदस्य किट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम) के 11 छात्रों के साथ फील्ड स्टडी प्रैक्टिकम पर सहयोग करेंगे। इसके अलावा 5 अन्य यूडब्ल्यूबी संकाय सदस्य किट और किस में कई स्कूलों में ज्ञान के आदान-प्रदान सत्रों में शामिल होंगे, जिसमें व्याख्यान दिये जायेंगे और शैक्षणिक चर्चाओं को सुविधाजनक बनाया जायेगा। यह पहली बार है कि अमेरिका के छात्र किट में शैक्षणिक सहभागिता कर रहे हैं। यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रतिनिधिमंडल ने किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के साथ एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र में भी भाग लिया। सत्र लगभग एक घंटे तक चला, जिसके दौरान उन्होंने ओडिशा की शिक्षा, कला और संस्कृति पर अंतर्दृष्टिपूर्ण बातचीत के साथ-साथ किट, किस और डॉ सामंत के योगदान पर व्यापक चर्चा की। डॉ सामंत के साथ संवाद सत्र का संचालन वाशिंगटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अख्तर बादशाह ने किया। सत्र के दौरान डॉ सामंत ने सामाजिक-आर्थिक विकास में शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

### नकली इंजन ऑयल बनानेवाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2 हिरासत में



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राउरकेला बिश्रा थाना क्षेत्र में नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। आसियाना कॉलोनी की एक बिल्डिंग में नकली इंजन ऑयल बनाया जा रहा था। राउलकेला पुलिस ने छापेमारी कर हजारों संख्या में इंजन ऑयल की बोतलें, जले हुए इंजन ऑयल और नकली इंजन ऑयल जब्त किये। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।


























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**